वर्ष-10, अंक-147

इन्दौर, मंगलवार

27 अगस्त 2024

पृष्ठ 8, मूल्य 2 रु.

दैनिक


# राष्ट्रीय जनभावना

RNI-MPHIN/2013/53761


**चाणक्य नीति**

दूसरों की गलतियों से सीखों, अपने ही अनुभवन से सीखने को तुम्हारी आयु कम पड़ जाएगी।

-चाणक्य




इन्दौर प्रधान संपादकः सुनील वर्मा मो.: 9425491979, 7000877686, E-mail: janbhavna.ind@gmail.com


# जन्माष्टमी पर श्रीकृष्णमय हुआ चंदेरी : मुख्यमंत्री

**भोपाल , राष्ट्रीय जनभावना।**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि भगवान श्रीकृष्ण ने हमे धर्म के मार्ग पर चलने का संदेश दिया है। चंदेरी नगरी का संबंध भगवान श्रीकृष्ण से रहा है। चंदेरी पवित्र नगरी है। इस नगरी के विकास में कोई कमी नहीं आने दी जायेगी। चंदेरी को पर्यटन तीर्थ के रूप में विकसित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने हमें अडिग होकर धर्म के मार्ग पर चलना सिखाया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अशोकनगर के चंदेरी की नवीन कृषि उपज मंडी में आयोजित श्रीकृष्ण पर्व कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कार्यक्रम में करोड़ों रूपए के विकास कार्यों का भूमि-पूजन एवं लोकार्पण किया। उन्होंने विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को हितलाभ वितरित किये। कार्यक्रम में में संस्कृति विभाग, मॉडल स्कूल चंदेरी, लोक कला मंडली चंदेरी तथा वृंदावन के कलाकारों द्वारा कृष्णलीलाओं पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यरक्ष श्री अजय प्रताप सिंह यादव, पिछोर विधायक श्री प्रीतम सिंह लोधी, पूर्व विधायक अशोकनगर श्री जजपाल सिंह जज्जी सहित जनप्रतिनिधिगण, अधिकारी एवं बडी संख्याग में गणमान्यज नागरिक उपस्थित



रहे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमारा देश संस्कृति प्रधान देश है। उन्होंने कहा कि चंदेरी हेण्डलूम पार्क में सभी धर्म के लोगों ने एक साथ हथकरघा पर काम करते हुए चंदेरी साड़ी को विश्व में प्रसिद्ध किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने 11 साल की उम्र में शिक्षा का महत्व बताया और कर्म के आधार पर शिक्षा का पाठ भी पढ़ाया है। उन्होंने कहा कि हमारा सनातन धर्म अदभुत है। भगवान श्रीकृष्ण को माखन चोर कहने वाले प्रसंग को मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विस्तार से बताते हुए कहा कि भगवान श्रीकृष्ण की माता ने उनसे कहा था कि उनके लोगों के द्वारा बनाया गया माखन कंस के घर जाता है। बृजवासियों का माखन कंस के यहां नहीं जाए इसलिए वे माखन खा जाते थे और दोस्तों के साथ मटकी फोड़ देते थे। उन्होंने यशोदा माता के मातृ प्रेम तथा सुदामा की मित्रता का वर्णन विस्तार से किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि शिशुपाल की नगरी चंदेरी में श्रीकृष्ण पर्व कार्यक्रम में शामिल होने पर हम सभी गौरवान्वित है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में धार्मिक स्थलों का विकास कर नवीन स्वरूप प्रदान किया जा रहा है। बेहतर शिक्षा के लिए नवीन शिक्षा नीति लागू की गई है। देश में सबसे पहले मध्यप्रदेश में इस नीति को लागू किया गया है। नई शिक्षा नीति में धार्मिक शिक्षा पर भी जोर दिया गया है। इससे निश्चित ही सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा मिलती है। पाठ्यक्रम में श्रीराम, श्रीकृष्ण के पाठ को भी शामिल किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में महिला सशक्तिकरण का अभियान चलाया जा रहा है। बहनों के सारे कष्टों को दूर किया जायेगा। कार्यक्रम में नवीन एवं नवकरणीय उर्जा विभाग तथा जिले के प्रभारी मंत्री श्री राकेश शुक्ला ने कहा कि कृष्ण जन्माष्टमी का शुभारंभ चंदेरी से हुआ है। इस भूमि पर भगवान श्रीकृष्ण का आना हुआ है। इस भूमि को मैं प्रणाम करता हूँ। यह कार्यक्रम हर वर्ष चंदेरी में मनाया जाए।

**आधी रात में नगर निगम की**

## गौशाला से तीन ट्रकों में जा रहे थे गाय के बछड़े

**भोपाल ।** मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल नगर निगम की गौशाला से नगर निगम के 3 ट्रक गाय के बछड़ों को आधी रात में ले जा रहे थे। भोपाल की आदमपुर खंती के पास 2 ट्रकों को विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल और जय भवानी हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं ने पकड़ा।

### निगम की गाड़ियों में तस्करी का अनोखा मामला

जिला संयोजक बजरंग दल के अनुसार गायों के बछड़ों को अरवलिया कांजी हाउस से आधी रात को ले जाया जा रहा था। हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं का आरोप है। नगर निगम के कर्मचारी अवैध रूप से गाय के बछड़ों को स्लाटर हाउस में बेचने के लिए ले जा रहे थे। इस घटना के बाद भोपाल में हड़कंप मच गया। थाना प्रभारी बिलखिरिया वीरेंद्र कुमार सेन ने कहा, सूचना मिलने पर वह स्थल पर पहुंच गए थे। नगर निगम के अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए थे। मामले की जांच की जा रही है। नगर निगम भोपाल के अधिकारी रणवीर सिंह का कहना है, गोवंश को ग्राम पंचायत की गौशाला में शिफ्ट किया जा रहा था। स्लाटर हाउस भेजने की बात गलत है। हिंदू संगठनों को गलतफहमी हुई है।

### नियमो के विपरीत गोवंश आप परिवहन

हिंदू संगठनों का कहना है, नियमों के अनुसार अंधेरा होने के पश्चात गोवंश का परिवहन नहीं किया जा सकता है। नगर निगम के वाहन से नगर निगम के कर्मचारी गुपचुप तरीके से रात में बछड़ों को लेकर जा रहे थे। इसकी जांच होना जरूरी है। हिंदू संगठनों की पकड़ में दो ट्रक आये,पीछे का एक ट्रक बवाल देखकर पीछे ही ट्रक को मोड़कर भाग गया। पुलिस और नगर निगमके अधिकारी इस मामले को दबाने के प्रयास कर रहे है। वही हिंदू संगठन तस्करी कर गोवंश को स्लॉटर हाउस में बेचने का आरोप लगा रहे हैं।

## पाक में आतंकियों का नरसंहार

### गाड़ियां रोकीं, पहचान पूछी और 23 लोगों को मार दी गोली

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।**

पाकिस्तान के बलूचिस्तान में आतंकवादियों ने 23 लोगों को मौत के घाट उतार दिया. दक्षिण पश्चिम पाकिस्तान में सोमवार को बंदूकधारियों ने 23 लोगों को जबरन उनके वाहनों से उतारकर गोली मार दी।



जिससे उनकी मौत हो गई. एएफपी की रिपोर्ट के अनुसार, आतंकवादियों ने बलूचिस्तान प्रांत के मूसाखेल जिले में कई बसों, ट्रकों और वैन को रोका. आतंकियों ने लोगों की जातीय पहचान करने के बाद उन्हें गोली मार दी. इस घटना में पांच लोग घायल भी हुए हैं. मूसाखेल के एक वरिष्ठ अधिकारी नजीबुल्लाह काकर ने बताया कि पंजाब को बलूचिस्तान से जोड़ने वाले राजमार्ग पर आतंकवादियों ने कई बसों, ट्रकों और वैनों को रोक लिया. इस दौरान कम से कम 23 लोग मार दिए गए, वहीं 5 घायल हैं. उन्होंने कहा कि पंजाब से आने-जाने वाले वाहनों की जांच की गई और पंजाब से आए लोगों की पहचान कर उन्हें गोली मार दी गई.

## थाईलैंड में बाढ़ और भूस्खलन से 22 लोगों की मौत

**बैंकॉक (एजेंसी)।** थाईलैंड में 16 अगस्त से अब तक बाढ़ और भूस्खलन से 22 लोगों की मौत हो गई और 19 अन्य घायल हो गए हैं तथा 13 प्रांतों में 30 हजार 900 से अधिक घर प्रभावित हुए हैं। अधिकारियों ने सोमवार को यह

## J&K में टिकट बंटवारे को लेकर भाजपा में कलह

**जम्मू-कश्मीर (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर में 10 साल बाद हो रहे विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा ने सोमवार को कैंडिडेट्स की 3 लिस्ट जारी की। पहली लिस्ट सुबह 10 बजे आई।

इसके बाद प्रदेश भाजपा अध्यक्ष रविंद्र रैना अपने केबिन में चले गए और दरवाजा बंद कर लिया। थोड़ी देर बाद बाहर निकले और कहा- परेशान ना हों, सभी से पर्सनली बात करूंगा। बात हाईकमान तक पहुंची। पहली लिस्ट जारी होने के 2 घंटे बाद 12 बजे एक और लिस्ट आई, इसमें सिर्फ फर्स्ट फेज के 15 कैंडिडेट्स के नाम थे। रविंद्र रैना ने कहा, अभी फोकस 18 सितंबर को होने वाली फर्स्ट फेज की वोटिंग पर है। मैं हर कार्यकर्ता से पर्सनली बात करूंगा। इसके बाद 2 बजकर 45 मिनट पर एक और लिस्ट आई। इसमें सिर्फ एक नाम था।

कोंकरनाग से चौधरी रोशन हुसैन के नाम की घोषणा की गई। जम्मू-कश्मीर की 90 सीटों के लिए 18 सितंबर से 1 अक्टूबर के बीच 3 चरणों में मतदान होंगे। नतीजे 4 अक्टूबर 2024 को आएंगे। जीत के लिए बहुमत का आंकड़ा 46 है। जम्मू दफ्तर में ओमी खजुरिया के नाम के नारे लगे, जिनका नाम पहली लिस्ट में नहीं था। वे जम्मू उत्तर से चुनाव लड़ते आए हैं, यहां कांग्रेस से भाजपा में आए शाम लाल शर्मा को टिकट दिया गया था। इस लिस्ट को पार्टी ने रोक दिया है।

## ड्रोन हमले में कम से कम 21 नागरिक मारे गए

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अल्जीरियाई सीमा के पास उत्तरी माली के एक गांव पर रविवार को हुए हवाई हमलों में 11 बच्चों सहित 21 नागरिक मारे गए। तुआरेग बहुल स्वतंत्रता समर्थक समूहों के गठबंधन के प्रवक्ता ने यह जानकारी दी। गठबंधन ने एक बयान में कहा कि रविवार को किए गए हमलों में एक फार्मेसी को निशाना बनाया गया, इसके बाद अन्य हमलों में आसपास के क्षेत्र में एकत्रित लोगों को निशाना बनाया गया। गांव में मौजूद विद्रोही गठबंधन के प्रवक्ता मोहम्मद एल्माउलौद रमदान ने बयान में कहा, ''इन आपराधिक हमलों में 21 नागरिकों की मौत हो गई है। जिनमें 11 बच्चे और फार्मेसी मैनेजर शामिल हैं, दर्जनों लोग घायल हुए हैं और भारी मात्रा में सामान की क्षति हुई है।'

## महाराष्ट्र कांग्रेस के दिग्गज नेता वसंतराव चव्हाण का निधन

**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र की नांदेड लोकसभा सीट से कांग्रेस सांसद वसंतराव चव्हाण का सोमवार (26 अगस्त) को निधन हो गया है. वह पिछले कई दिनों से बीमार चल रहे थे. तबीयत बिगड़ने के बाद उन्हें तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद में स्थित क्रीम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उनका इलाज चल रहा था. रविवार रात उनकी तबीयत बिगड़ गई और सोमवार सुबह उनका देहांत हो गया. उनके निधन से राजनीतिक गलियारों में शोक की लहर है। सोमवार तड़के 4 बजे उन्होंने अस्पताल में अंतिम सांस ली। वसंतराव चव्हाण को सांस लेने में दिक्कत हो रही थी।

## ISS पर फंसीं सुनीता विलियम्स को हो सकता है Space Anemia

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुनीता विलियम्स 5 जून को इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन पर गई थीं। तब उनकी यह यात्रा केवल 8 दिनों के लिए थी। हालांकि जिस यान से वह अंतरिक्ष में गई थी ।



उसमें खराबी आने के कारण वह वापस नहीं लौट सकीं। महज 8 दिनों के लिए इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन पर गईं सुनीता विलियम्स अभी भी वहीं फंसी हुई हैं। अमेरिका की अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने इस मामले में बड़ी अपडेट देते हुए बताया है कि वह अगले साल फरवरी में धरती पर वापस लौट सकती हैं। हालांकि वह किस यान से आएंगी अभी इस पर फैसला बाकी है। अगर सुनीता विलियम्स स्पेसएक्स के यान से वापस लौटती हैं तो उन्हें लंबे समय तक अंतरिक्ष में रहना पड़ सकता है। यह अपने आप में काफी चुनौती भरा समय होगा। माइक्रोग्रैविटी के कारण उन्हें कई जोखिम का खतरा भी पैदा हो सकता है। नासा ने पिछले दिनों कहा कि सुनीता विलियम्स और बैरी विल्मोर को कम से कम 2025 के शुरुआत तक अंतरिक्ष में ही रहना होगा। बोइंग के स्टारलाइनर के बजाय स्पेसएक्स ड्रैगन का उपयोग करके पृथ्वी पर वापस आएंगे। दोनों ही यात्री क्रू फ्लाइट टेस्ट के लिए अंतरिक्ष में गए थे।

## लद्दाख में पांच नये जिलों के गठन को मंजूरी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** गृह मंत्रालय ने विकसित और समृद्ध लद्दाख के निर्माण के विज़न को साकार करने की दिशा में केंद्र शासित प्रदेश में पांच नये ज़िलों के गठन को मंज़ूरी दे दी है। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में इस ऐतिहासिक निर्णय की जानकारी देते हुए कहा कि इस निर्णय से पांच नये ज़िलों - ज़ंस्कार, द्रास, शाम, नुब्रा और चांगथांग - में प्रशासन के सुदृढ़ होने से स्थानीय लोगों को उनके द्वार पर सरकारी योजनाओं का लाभ मिल सकेगा। इन पांच जिलों के गठन के बाद अब लद्दाख में, लेह और कारगिल को मिलाकर, कुल सात जिले हो जायेंगे।

## विवाद में फंसी कंगना रनौत

### बयान देने के बाद खड़े हुए सवाल, बीजेपी ने किया किनारा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।**

कंगना रनौत पर एनएसए लगाने की मांग भी कांग्रेस ने की है। वहीं बीजेपी ने कहा है कि कंगना रनौत का ये बयान उनका निजी बयान है और इससे पार्टी का कोई सरोकार नहीं है। मीडिया चैनल को दिए एक इंटरव्यू में कंगना ने कहा था कि हमारा शीर्ष नेतृत्व अगर मजबूत ना होता तो भारत बांग्लादेश जैसे हालातों से गुजरता। बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत इन दिनों फिर से चर्चा में बनी हुई है। कंगना रनौत ने हाल ही में कहा कि अगर हमारा शीर्ष नेतृत्व मजबूत नहीं रहता तो किसान आंदोलन के दौरान पंजाब भी बांग्लादेश बन जाता। किसान आंदोलन पर



सवाल करते हुए कंगना ने कहा कि आंदोलन के नाम पर उपद्रवियों ने हिंसा फैलाई। प्रदर्शन स्थलों पर रेप और हत्याएं की गई। इस बयान के बाद से ही लगातार विवाद उठ रहा है। विपक्ष इसे लेकर लागातार हमलावार बना हुआ है। कंगना रनौत पर एनएसए लगाने की मांग भी कांग्रेस ने की है। वहीं बीजेपी ने कहा है कि कंगना रनौत का ये बयान उनका निजी बयान है और इससे पार्टी का कोई सरोकार नहीं है।

## 'बीजेपी वालों की औकात नहीं हमारे सामने हंगामा करने की'

**मुंबई (एजेंसी)।** शिवसेना उद्धव ठाकरे गुट के सांसद संजय राउत ने एक बार फिर मोदी सरकार पर हमला बोला है. इस बार उन्होंने महिला सुरक्षा को लेकर केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार पर कई सवाल भी उठाए।



संजय राउत ने पीएम मोदी की तरफ से महिलाओं की सुरक्षा को लेकर किए जा रहे दावों का जिक्र करते हुए कहा कि एक तरफ पीएम मोदी महिलाओं को लखपति दीदी बनाने का दावा करते हैं, तो वहीं दूसरी तरफ महाराष्ट्र में उनकी सरकार महिलाओं को 1500-1500 रुपये दे रही है. क्या 1500 रुपये से लखपति बनाएंगे मोदी. संजय राउत यहीं नहीं रुके. उन्होंने कहा कि बीजेपी सरकार महिलाओं की सुरक्षा को लेकर कितनी गंभीर है इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि उनकी सरकार में ऐसे मंत्री हैं जिन पर महिलाओं के खिलाफ अत्याचार के कई मामले दर्ज हैं. कई महिलाएं उनकी वजह से आत्महत्या कर चुकी हैं. देवेन्द्र फडणवीस जब विपक्ष के नेता थे तब कहते थे कि उनके पास संजय राठौड़ के खिलाफ पुख्ता सबूत हैं,

## जाम्बिया में खदान धंसने से 8 लोगों की मौत

**लुसाका, (एजेंसी)।** जाम्बिया के लुसाका प्रांत के चोंगवे जिले में एक बजरी खदान ढहने से कम से कम आठ खनिकों की मौत हो गई। स्थानीय पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस प्रवक्ता, राय हामूंगा ने कहा कि यह दुर्घटना रविवार सुबह हुई जब श्रमिकों ने बजरी लोड करना समाप्त कर दिया था।

उन्होंने कहा कि बचाए गए चालक ने पुलिस को सूचित किया कि घटनास्थल पर नौ से ज्यादा लोग थे। प्रवक्ता ने बताया कि बचाव दल आठ शवों को निकालने में सफल रहा है जबकि अन्य

**खुल गई पोल :**

## सिस्टम हैक कर प्रश्नपत्र हल करने की थी तैयारी

**पटना (एजेंसी)।**

विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं लाख कड़ाई के बावजूद परीक्षा माफिया धांधली करने से बाज नहीं आ रहे हैं। इस बार माफियाओं ने सक्षमता परीक्षा के ऑनलाइन सेंटर के कंप्यूटर सिस्टम को रिमोट पर लेकर प्रश्नपत्र हल करने का प्रयास किया। एनी डेस्क ऐप के माध्यम से नौ सेंटरों के कम्प्यूटर को ऑनलाइन रिमोट पर (हैक करना) लिया गया था। इस बात की जानकारी जब डीएम डॉ चंद्रशेखर सिंह, आइजी गरिमा मलिक और एसएसपी राजीव मिश्रा को मिली, तो उन्होंने तुरंत एक विशेष जांच टीम गठित कर कार्रवाई शुरू कर दी। एसएसपी को सूचना मिली थी कि रवि भूषण ने सक्षमता



परीक्षा पास कराने के लिए सेटिंग की है। मालूम हो कि सक्षमता परीक्षा 23 अगस्त से शुरू है, जो 26 अगस्त तक चलेगी। परीक्षा ऑनलाइन ली जा रही है। विशेष जांच टीम में पुलिस के साथ-साथ जिला प्रशासन के अधिकारियों को भी शामिल किया गया है। जिन 9 सेंटरों पर कदाचार होने की आशंका जतायी गयी थी, उनमें से दो केंद्रों परीक्षा नहीं होनी है। फिलहान, इन सभी नौ सेंटरों को टीम ने जांच के घेरे में ले लिया है। सूत्रों ने बताया कि इसमें परीक्षा माफिया रवि भूषण का हाथ है। विशेष टीम रवि भूषण की तलाश में छापेमारी भी शुरू कर चुकी है।

## संन्यास लेने का सवाल ही नहीं, मायावती ने अफवाहों पर लगाया विराम

**लखनऊ ।** सक्रिय राजनीति से संन्यास लेने की अटकलों को सिरे से खारिज कर बहुजन समाज पार्टी (बसपा) अध्यक्ष मायावती ने कहा कि वह अपनी अंतिम सांस तक पार्टी मूवमेंट से जुड़ी रहेंगी। उन्होंने कांग्रेस और समाजवादी पार्टी (सपा) से जुड़ने की अफवाहों पर भी विराम देकर दोनों ही दलों पर तंज कसे। सुश्री मायावती ने पोस्ट कर कहा कि बहुजनों के अम्बेडकरवादी कारवाँ को कमजोर करने की विरोधियों की साजिशों को विफल करने के संकल्प हेतु बाबा साहेब डा. अम्बेडकर एवं मान्यवर कांशीराम की तरह ही मेरी जिंदगी की आखिरी सांस तक बीएसपी के आत्म-सम्मान व स्वाभिमान मूवमेंट को समर्पित रहने का फैसला अटल।

## संपादकीय

### मिल सकती है, रिटायर्ड होने के बाद वेतन की 50 फ़ीसदी पेंशन?



केंद्र सरकार द्वारा जो नई एकीकृत पेंशन योजना (यूपीएस) को शुरू करने का जो फैसला लिया गया है। उस फैसले से कर्मचारियों को अपने अंतिम वेतन की राशि का 50 फ़ीसदी पेंशन में मिलेगा या नहीं, इस पेंशन योजना में बहुत सारी शर्त, किंतु परंतु लगे हैं। कर्मचारी सभी मानकों का पालन सही तरीके से कर पाएगा, तभी उसे अंतिम वेतन का 50 फ़ीसदी राशि की पेंशन सेवा निवृत्ति के बाद कर्मचारियों को पेंशन के रूप में मिल सकेगी। शासकीय कर्मचारी को अपने पेंशन खाते को हमेशा क्रियाशील रखना पड़ेगा। सरकार कर्मचारियों के पेंशन के दो खाते खोलेगी। एक खाते में कर्मचारियों के वेतन से 10 फ़ीसदी अंशदान ओर सरकार का 10 फ़ीसदी अपनी ओर से मिलाकर एक पृथक खाते में रखा जाएगा। केंद्र सरकार दूसरे खाते में अपनी ओर से 8.50 फ़ीसदी अंशदान की राशि जमा करेगी। पेंशन नियामक प्राधिकरण नई योजना में यदि कर्मचारी के द्वारा नई शर्तों का पालन नहीं किया जाता है तो ऐसी स्थिति में उसकी पेंशन कम बनेगी। शासकीय कर्मचारी पेंशन फंड से 50 फ़ीसदी राशि हमेशा जमा रखेगा। उसके बाद ही वह अपने अंतिम वेतन का 50 फ़ीसदी पेंशन के रूप में पाने का अधिकारी होगा। अधिक पेंशन पाने के लिए सेवानिवृत्ति के बाद भी कॉरपस फंड में 50 फ़ीसदी राशि रखना अनिवार्य होगा। यदि यह राशिपेंशन फंड में जमा नहीं रहेगी, तो कर्मचारी की पेंशन कम बनेगी। सरकार द्वारा जो 8.50 फ़ीसदी अंशदान दूसरे खाते में रखा जायेगा, उसकी भरपाई के लिए यह दूसरा खाता होगा। जिसमें से 50 फ़ीसदी पेंशन को पूरा करने की गारंटी सरकार द्वारा दी जा रही है। यदि पहले वाले खाते में कर्मचारी डिफॉल्ट होता है तो उस हालत में सेवानिवृत्ति के बाद उसे कम पेंशन मिलेगी। कर्मचारी अपने पेंशन फंड में जमा 50 फ़ीसदी से ज्यादा राशि निकाल लेता है। उस हालत में उसे अंतिम वेतन की 50 फ़ीसदी राशि पेंशन के रूप में नहीं मिलेगी। पेंशन खाते में जमा फंड के अनुसार ही पेंशन कम या ज्यादा होगी। सरकार ने जो योजना वर्तमान में तैयार की है, उसके अनुसार केंद्रीय कर्मचारियों को नेशनल पेंशन स्कीम (एनपीएस) या यूपीएस का विकल्प चुनना होगा। यूपीएस योजना को लागू करने का दायित्व सरकार द्वारा पेंशन नियामक प्राधिकरण को दिया गया है। जल्दबाजी में सरकार ने इस पेंशन स्कीम की घोषणा तो कर दी है, लेकिन अभी वित्त मंत्रालय के साथ मिलकर योजना को अंतिम स्वरूप दिया जाना बाकी है। सरकार द्वारा, अभी जो जानकारी दी गई है, उसके अनुसार यदि कर्मचारी सेवानिवृत्ति के बाद अपने पेंशन फंड से 50 फीसदी राशि अपने कॉरपस फंड में जमा नहीं रखेगा। तो उसकी पेंशन कम हो जाएगी। केंद्र सरकार को नई पेंशन योजना के बारे में राज्य सरकारों से भी विचार विमर्श करना होगा। पेंशन नियामक प्राधिकरण केंद्र के साथ-साथ राज्यों के पेंशन फंड का भी रखरखाव करता है। ऐसी स्थिति में अगले महीनो में इस योजना के बारे में वास्तविक स्थिति का पता कर्मचारियों को लग पाएगा। सरकार ने जो घोषणा की है, उसके अनुसार नई पेंशन योजना 1 अप्रैल 2025 के बाद ही लागू होगी। पेंशन योजना को लेकर केंद्रीय एवं राज्य के कर्मचारियों में भारी रोष था। कई राज्यों के विधानसभा चुनाव में पेंशन योजना के कारण भारतीय जनता पार्टी को नुकसान उठाना पड़ा था। केंद्र सरकार ने जिस पेंशन स्कीम की घोषणा की है। उसमें उसने एक बात का ध्यान रखा है। अंतिम वेतन की 50 फ़ीसदी राशि पेंशन के रूप में कर्मचारियों को मिले।

# कलयुग में सतयुग के इनसान थे मुकेश

'कलयुग में सतयुग के इनसान थे मुकेश', यह बात फिल्मों में संगीत देने वाले एक मुख्य संगीतकार कल्याण जी ने अपने एक साक्षात्कार में कही थी। यह तो हम सब जानते ही हैं कि संगीतकार कल्याणजी आनंदजी के संगीत निर्देशन में मुकेश के गाए गीतों को अमरत्व मिला हुआ है। उनके संगीत निर्देशन में मुकेश की आवाज़ को याद करें तो उन गीतों को आप आज भी गुनगुनाते हैं। ऐसे बहुत से संगीत प्रेमी हैं जिनके होठों पर जब 'चंदन सा बदन.......' (सरस्वती चंद्र) गीत आता है तो वह अपने आप को मुहब्बत में डूबा पाते हैं, श्रृंगार रस में लिप्त पाते हैं और उनके सामने आ जाता हैं उनकी अपनी माशूका का चेहरा। 1968 में यही गीत लता मंगेशकर ने भी गाया है लेकिन इंदीवर के शब्द जब मुकेश की जिव्हा पर बैठे तो यह सदाबहार गीत बन गया। गीतकार इंदीवर और संगीतकार कल्याणजी आनंदजी ने मिलकर मुकेश के लिए जिन गीतों की रचना की, उनमें सभी गीत हिट रहे। याद कीजिए, 'जिस दिल में बसा था.......' (सहेली), 'हमने तुझको प्यार किया.......' (दूल्हा दुल्हन), 'मोती जैसा रंग.......' (आँसू और मुस्कान), 'दर्पण को देखा.......' (उपासना), 'ठुमक ठुमक मत चलो.......' (कहीं प्यार न हो जाए), 'कोई जब तुम्हारा.......' (पूरब और पश्चिम) जैसे गीत मुकेश की आवाज़ में सुनकर आज भी आनंद आता है। इंदीवर ने जब फिल्मी दुनिया में अपना पहला गीत लिखा था तो उसे मुकेश ने ही आवाज़ दी थी, 'बड़े अरमानों से.......' जैसा प्रेम गीत 'मल्हार' (1951) का है जिसका निर्माण मुकेश ने ही किया था और संगीतकार थे रोशन नागरथ।

जब कल्याणजी आनंदजी 'क्या खूब लगती हो.......' (धर्मात्मा) जैसे गीत को अपने संगीत से सजाते हैं और मुकेश अपनी आवाज़ से तो भला इंदीवर को कितनी खुशी मिलती है, इसका अंदाज़ा भी नहीं लगाया जा सकता। कल्याणजी आनंदजी के लिए एक ऐसा ही प्रेम भरा गीत 'चाँद सी महबूबा हो.......' (हिमालय की गोद में) जब मुकेश ने गाया तो गीतकार आनंद बख़ूशी उनकी आवाज़ के दीवाने हो गए। यही कारण रहा कि जब भी मुकेश ने आनंद बख़ूशी के गीतों को स्वर दिया तो वह गीत आनंद बख़ूशी की कलम को परवान चढ़ाते रहे। स्वयं आनंद बख़ूशी भी उनकी आवाज़ में गाए जाने वाले गीतों के शब्दों को कुछ इस तरह से सजाते थे कि मुकेश की आवाज़ का जादू चारों ओर छा जाता था। 'आया है मुझे.......' (देवर), 'सावन का महीना.......' (मिलन), 'सुहानी चाँदनी रातें.......' (मुक्ति) और 'चंचल शीतल निर्मल कोमल.......' (सत्यम शिवम सुंदरम) गीत स्वयं आनंद बख़ूशी की पसंद वाले गीतों में सबसे ऊपर हैं। आनंद बख़ूशी के लिखे गीतों को जब-जब मुकेश ने आवाज़ दी, वह गीत संगीतप्रेमियों के हृदय में बस्ते चले गए। 'जिस गली में.......' (कटी पतंग), 'जुबां पे दर्द भरी.......' (मर्यादा), 'ज़िक्र होता है.......' (माई लव), 'फूल आहिस्ता फेंको.......' (प्रेम कहानी), 'दो रंग दुनिया के.......' (दो रास्ते), 'हम तो तेरे आशिक.......' (फर्ज़), 'रास्ते का पत्थर.......' (रास्ते का पत्थर), 'छल छल बहती.......' (उपहार), 'तन मन धन.......' (मनचली) आनंद बख़ूशी के लिखे वो गीत हैं जिन्हें मुकेश ने अपनी शानदार आवाज़ से सजाया। पुराने समय की बात करें तो हम पाते हैं कि केदार शर्मा ने न केवल निर्देशन किया बल्कि बहुत से गीत भी लिखे और वह कर्णप्रिय भी रहे। केदार शर्मा के लिए मुकेश केवल गायक नहीं थे बल्कि उनके गीतों के भावों को समझने वाले उत्कृष्ट संगीतप्रेमी थे। उनके निर्देशन में नीलकमल में राजकपूर और मधुबाला ने परदे पर नायक और नायिका की पहली बार भूमिका निभाई थी। इस फिल्म में मुकेश ने एक गीत 'आँख जो देखे है.......' गाया जो



फ़िल्म के साथ ही हिट हो गया। इसी फ़िल्म में मुकेश के साथ हमीदा बानो की आवाज़ वाला गीत 'सोचता क्या है.......' भी बेहद सुना गया जबकि इस फ़िल्म में यह दोनों गीत राजकपूर पर नहीं फिल्माए गए थे। केदार शर्मा के ही निर्देशन में बनी फ़िल्म 'बावरे नैन' में भी राजकपूर नायक थे और इस फ़िल्म के लिए उनके लिखे गीतों 'तेरी दुनिया में.......', 'ख़यालों में किसी के.......' और 'मुझे सच सच बता दो.......' में मुकेश की ही आवाज़ थी। केदार शर्मा के अनेक गीतों को कुंदन लाल सहगल ने आवाज़ दी और खास तौर पर 'देवदास' (1935) का 'बालम आए बसो.......' बेहद हिट रहा लेकिन संगीत सम्राट के जल्दी निधन हो जाने के कारण केदार शर्मा ने मुकेश पर भरोसा किया और वे उनके इम्तिहान में पास हो गए। मुकेश की आवाज़ के दर्द को 'दिल ने तो दिया धोखा.......' को उन्होंने 'बेदर्दी' (1951) में ढाला तो 'फरिश्तों की नगरी में.......' और 'आँखों में तेरी याद.......' जैसे गीत 'हमारी याद आएगी' (1962) के रहे जिसमें मुकेश की ही आवाज़ थी।



**मुकेश पोपली**
**स्वरांगन, ए-38-डी,**
**करणी नगर, पवनपुरी**
**बीकानेर-334003**
**मोबाइल: 7073888126**

यह तो हम सब जानते हैं कि मोतीलाल के कहने पर मुकेश मुंबई आ गए थे। मुकेश पहले नायक बने लेकिन बाद में वो बन गए गायक। मोतीलाल की ही फ़िल्म 'पहली नज़र' में उन्हें पहली बार पार्श्वगायक बनने का अवसर मिला। ग़ज़लकार आह सीतापुरी जिन्हें हम डॉ. सफ़दर आह के नाम से जानते हैं, अपने आपको बेहद खुशनसीब मानते थे। दरअसल, उन्हीं की लिखी ग़ज़ल 'दिल जलता है तो जलने दे.......' को मुकेश ने अपनी आवाज़ से इस तरह से सजाया कि संगीत सम्राट कुंदनलाल सहगल भी आश्चर्य में आ गए। जब मुकेश उनसे मिलने आए तो उन्होंने मुकेश को अपना हारमोनियम भेंट कर दिया और साथ ही यह सीख भी दी कि अपनी मूल आवाज़ के लिए मेहनत करो, फिल्मी दुनिया तुम्हारी आवाज़ का इंतज़ार कर रही है। मुकेश ने सहगल के पांव छूते हुए कहा था कि आप मेरे गुरु हैं, आपके आशीर्वाद के साथ ही अब मेरे गायन को सही दिशा मिल गई है, मैं संगीतप्रेमियों को निराश नहीं करूंगा। बहज़ाद लखनवी स्वतंत्रता से पूर्व रेडियो पर कविताओं, ग़ज़लों और नात को लेकर अपनी लेखनी से धूम मचा चुके थे। राजकपूर ने अपनी पहली निर्देशित फ़िल्म 'आग' (1948) के लिए उनकी एक ग़ज़ल 'ज़िंदा हूँ इस तरह.......' को शामिल करने के लिए संगीतकार राम गांगुली को कहा। इस ग़ज़ल गायंन के लिए गायक मुकेश को आमंत्रित किया गया। बताया जाता है कि राम गांगुली, जो इस गीत की धुन के लिए बांसुरी वादन कर रहे थे, उन्हें लगा कि मुकेश की आवाज़ के आगे उनकी बांसुरी फीकी है। राजकपूर की 'आग' तो सफल नहीं हुई लेकिन यह गीत आज भी सफलता के पैमाने पर उतनी ही मुस्तैदी से खड़ा है। बस यहीं से मुकेश राजकपूर की आवाज़ बन गए। जब गीतकार पंडित भरत व्यास का बेटा श्यामसुंदर उनसे नाराज़ होकर कहीं चला गया तब उन्होंने 'जनम जनम के फेरे' (1957) के गीत लिखने से मना कर दिया। फिर पत्नी के समझाने पर कि पुत्र वियोग पर ही गीत लिख दो तब, उन्होंने गीत लिखा 'ज़रा सामने तो आओ छलिए.......' जिसे मोहम्मद रफी और लता मंगेशकर ने गाया। इस गीत के फौरन बाद 'रानी रूपमती' (1957) के लिए उन्हें गीत लिखने का अवसर प्राप्त हुआ। पुत्र वियोग में ही डूबे भरत व्यास ने 'आ लौट के आजा मेरे मीत.......' गीत लिखा जिसे मुकेश ने उनके ग़म में शामिल होते हुए इसे गाया। संयोग से यही गीत सुनकर उनका पुत्र घर लौट आया। 'सारंगा तेरी याद में.......' (सारंगा-1961) गीत सुनकर आज भी रोमांच हो आता है। इससे पहले 'नैना हैं जादू भरे.......' जैसा मस्ती भरा गीत भी 'बेदर्द ज़माना क्या जाने' (1959) के लिए और 'थ्हाने काजळ्यो बणाल्यूं.......' जैसा प्रेम गीत राजस्थानी भाषा का प्रयोग करते हुए 'वीर दुर्गादास' (1960) के लिए भरत व्यास ने लिखा। मुकेश के लिए राजिंदर कृष्ण ने 'ए जाने जिगर.......' (आराम), 'भूली हुई यादों.......' (संजोग), 'एक वो भी दिवाली थी.......' (नज़राना), 'हम चल रहे थे.......' (दुनिया न माने), 'सोचा था प्यार.......' (ब्लफ़ मास्टर) जैसे गीत लिखे तो कमर जलालाबादी ने 'दीवानों से ये मत पूछो.......' (उपकार), 'मेरे टूटे हुए दिल से.......' (छलिया), 'मैं तो एक ख्वाब हूँ.......' (हिमालय की गोद में) जैसे ग़म भरे गीतों को मुकेश के होठों पर सजाया। इसी तरह गुलशन बावरा के लिखे 'तुम्हें ज़िंदगी के उजाले मुबारक.......' (पूर्णिमा), 'चाँदी की दीवार न तोड़ी.......' (विश्वास) दर्द भरे गीतों को मुकेश ने आवाज़ दी तो वर्मा मलिक ने 'सबसे बड़ा नादान.......' (पहचान), 'जय बोलो बेईमान की.......' जैसे तंज़ कसने वाले गीतों को लिखा। वर्मा मलिक के इन दोनों गीतों को जब मुकेश ने गाया तो उन्हें सर्वश्रेष्ठ पार्श्वगायन पुरुष के लिए फ़िल्मफ़ेयर अकादमी के सम्मान से नवाज़ा गया। इसी क्रम में कवि नीरज को भी याद किया जाना आवश्यक है। नीरज के लिखे गीतों में 'बस यही अपराध मैं हर बार करता हूँ आदमी हूँ आदमी से प्यार करता हूँ.......' (पहचान) जैसा गीत मुकेश ने अपने ही अंदाज़ में इस तरह से गाया कि संगीत प्रेमियों के दिलों से आज तक नहीं उतरा है। इसी तरह 'मेरा नाम जोकर' का गीत 'कहता है जोकर.......' गीत भी मुकेश ने अलग अंदाज़ में ही गाया। राजा मेहदी अली ख़ान अपने आप में बहुत बड़े शायर थे। उनके फिल्मी गीतों में मुकेश की आवाज़ 'गर्दिश में हों तारे.......' (रेशमी रुमाल) और 'तुम बिन जीवन.......' (अनीता) जैसे गीत हमें सुनने को मिले। गीतकार योगेश ने संगीतकार सलील चौधरी के साथ मिलकर मुकेश के लिए ऐसे गीतों की रचना की कि उन्हें भुला पाना नामुमकिन है। याद कीजिए 'आनंद' का वो गीत जिसे राजेश खन्ना ने अपनी पसंद के गीतों में सबसे ऊपर रखा था, वास्तव में 'कहीं दूर जब दिन.......' जैसा गीत बार-बार नहीं बनता। योगेश के ही लिखे गीतों में 'कई बार यूं ही देखा है.......' (छोटी सी बात) भी शामिल है जिसके लिए मुकेश को राष्ट्रीय फ़िल्म पुरस्कार प्राप्त हुआ। मुकेश के गाए गीतों में गीतकार साहिर लुधियानवी का नाम भी विशिष्ट श्रेणी में शामिल है। 'फिर सुबह होगी' (1958), 'चार दिल चार राहें', 'दीदी' (1959), 'दिल ही तो है' (1963), 'कभी कभी' (1976) के गीतों को मुकेश ने तरन्नुम में गाया। 'कभी कभी' के शीर्षक गीत के लिए तो मुकेश ने फ़िल्मफ़ेयर पुरस्कार भी प्राप्त किया। शकील बदायूनी के लिखे गीतों में 'अनोखी अदा', 'मेला' (1948), 'शायर' (1949) के गीतों को पसंद किया गया तो मजरूह सुलतानपुरी के 'अंदाज़' (1948) में लिखे गीतों की शान ही निराली रही। मजरूह के लिखे 'तू नहीं और सही', 'ओपेरा हाउस' (1961), 'डॉ. विद्या' (1962), 'इशारा' (1964), 'जल बिन मछली नृत्य बिन बिजली' (1971), 'फिर कब मिलोगी' (1974), 'धरम करम' (1975) के गीतों को भला कोई कैसे भुला सकता है। हसरत जयपुरी के लिखे गीत हों और मुकेश की आवाज़ हो तो उन गीतों को आज भी कोई सुने बिना नहीं रह सकता। हसरत जयपुरी की लेखनी से जब 'छोड़ गए बालम.......' (बरसात), 'हम तुझसे मुहब्बत करके सनम.......', (आवारा), ÷छोटी सी ये.......' (आह), 'जाऊँ कहाँ बता ऐ दिल.......' (छोटी बहन), 'नैन तुम्हारे मज़ेदार.......' (जंगली), 'कुछ शे'र सुनाता हूँ मैं....... (एक दिल सौ अफ़साने), 'हम छोड़ चले हैं.......' ।

## चिंतन-मनन

### कर्म के पाप-पुण्य में फंस जाता है जीव



ईश्वर क्षेत्रज्ञ या चेतन है, जैसा कि जीव भी है, लेकिन जीव केवल अपने शरीर के प्रति सचेत रहता है, जबकि भगवान समस्त शरीरों के प्रति सचेत रहते हैं। चूंकि वे प्रत्येक जीव के हृदय में वास करने वाले हैं, अतएव वे जीवविशेष की मानसिक गतिशीलता से परिचित रहते हैं। परमात्मा प्रत्येक जीव के हृदय में ईश्वर या नियंता के रूप में वास कर रहे हैं और जैसा जीव चाहता है वैसा करने के लिए जीव को निर्देशित करते रहते हैं। जीव भूल जाता है कि उसे क्या करना है। पहले तो वह किसी एक विधि से कर्म करने का संकल्प करता है, लेकिन फिर वह अपने ही कर्म के पाप-पुण्य में फंस जाता है। वह एक शरीर को त्याग कर दूसरा शरीर ग्रहण करता है। चूंकि इस प्रकार वह आत्मा देहांतरण कर जाता है, अत उसे अपने विगत (पूर्वकृत) कर्मो का फल भोगना पड़ता है। ये कार्यकलाप तभी बदल सकते हैं जब जीव सतोगुण में स्थित हो और यह समझे कि उसे कौन से कर्म करने चाहिए। यदि वह ऐसा करता है तो उसके विगत कर्मो के सारे फल बदल जाते हैं। इसीलिए हमने यह कहा है कि पांच तत्वों- ईश्वर, जीव, प्रकृति, काल तथा कर्म में से चार शात हैं, कर्म शात नहीं है। परम चेतन ईश्वर जीव से इस मामले में समान हैं- भगवान तथा जीव दोनों की चेतनाएं दिव्य हैं। यह चेतना पदार्थ के संयोग से उत्पन्न नहीं होती है। ऐसा सोचना भ्रांतिमूलक है। किंतु भगवान की चेतना भौतिकता से प्रभावित नहीं होती है। भगवान कहते हैं- जब वे इस भौतिक वि में अवतरित होते हैं तो उनकी चेतना पर भौतिक प्रभाव नहीं पड़ता। यदि वे इस तरह प्रभावित होते तो दिव्य विषयों के संबंध में उस तरह बोलने के अधिकारी न होते जैसा कि वे भगवद्गीता में बोलते हैं। भौतिक कल्मष-ग्रस्त चेतना से मुक्त हुए बिना कोई दिव्य-जगत के विषय में कुछ नहीं कह सकता। अत¬ भगवान भौतिक दृष्टि से कलुषित (दूषित) नहीं हैं। भगवद्गीता तो शिक्षा देती है कि हमें इस कलुषित चेतना को शुद्ध करना है।

# शिव ही सत्य है

**संजय गोस्वामी**

मुख्य शब्द-अश्वत्थ ((फल रूप में पिप्पल), शाखा, ऊर्ध्व-अधः, अव्यय (सनातन), छन्द-छन्दांसि, पर्ण, वेद। 1. वृक्ष प्रतीक - (1) दारु ब्रह्म- ब्रह्म के क्रियात्मक रूप को कई अर्थों में वृक्ष कहा है। यह पुरुष रूप चेतन भी है, काष्ठ रूप निर्माण सामग्री या प्रकृति भी। अतः विष्णु के जाग्रत रूप जगन्नाथ को दारु ब्रह्म कहा गया है। वह 6 अर्थों में दारु ब्रह्म हैं-(1) चेतन तत्त्व, (2) निरपेक्ष द्रष्टा, (3) निर्माण क्रम, (4) निर्माण सामग्री और आधार, (5) सदा बढ़ने वाला, (6) संकल्प-क्रिया फल का अनन्त क्रम। निर्माण सामग्री और आधार-ब्रह्म वनं ब्रह्म स वृक्ष आसीत् यतो द्यावा पृथिवी निष्टतक्षुः। मनीषिणो मनसा विब्रवीमि वो ब्रह्माध्यतिष्ठद् भुवनानि धारयन्॥ (तैत्तिरीय ब्राह्मण, 2/8/9/16) निर्माण का अधिष्ठान, आरम्भ और विधि- किं स्विदासीदधिष्ठानमारम्भणं कतमत्स्वित् कथासीत। यतो भूमि जनयन् विश्वकर्मा वि द्यामौर्णोन् मह्ना विश्वचक्षाः॥ (ऋक्, 10/81/2, तैत्तिरीय संहिता, 4/6/2/11) सर्वोच्च द्रष्टा- यस्मात् परं नापरमस्ति किञ्चित्, यस्मान्नाणीयो न ज्यायोऽस्ति कश्चित्। वृक्ष इव स्तब्धो दिवि तिष्ठत्येनेदं पूर्णं पुरुषेण सर्वम्॥ (श्वेताश्वतर उपनिषद्, 3/9) गुण, वासना, कर्म, फल का अनन्त क्रम- अधश्चोर्ध्वं प्रसृतास्तस्य शाखा गुणप्रवृद्धा विषयप्रवालाः। अधश्च मूलान्यनुसन्ततानि कर्मानुबन्धीनि मनुष्यलोके॥ (गीता, 15/2) प्राण, चित्त, वासना-द्वे बीजे चित्तवृक्षस्य प्राणस्पन्दनवासने। एकस्मिँश्च तयोः क्षीणे क्षिप्रं द्वे अपि नश्यतः (मुक्तिकोपनिषद्, 2/27) ब्रह्म के 3 रूपों का निर्देश गायत्री मन्त्र के 3 पादों में है-सृष्टि रूप ब्रह्मा, क्रिया रूप विष्णु, ज्ञान रूप शिव। इनके प्रतीक हैं-पलास, अश्वत्थ, वट। अश्वत्थरूपो भगवान् विष्णुरेव न संशयः। रुद्ररूपो वटस्तद्वत् पलाशो ब्रह्मरूपधृक॥ (पद्मपुराण, उत्तर खण्ड, 115/22) (2) विष्णु रूप अश्वत्थ- अश्वत्थः सर्व वृक्षाणां (गीता, 10/26)- कई रूप में अश्वत्थ विष्णु रूप है-(1) इस पर अनेक पक्षी आश्रय लेते हैं, जैसे पूर्थ्वी पर जीव गण, (2) इसके गोल बीजों में कण समान छोटे बीज हैं, जैसे ब्रह्माण्ड में कण रूप तारा आदि। (3) सूक्ष्म बीज से बड़ा अश्वत्थ बन जाता है, जैसे सूक्ष्म सङ्कल्प से अनन्त विश्व, (4) पिप्पल का छोटा बीज पत्थर, दीवाल आदि में भी जम जाता है, जैसे हर स्थिति में जीव हो जाते हैं। (5) वृक्ष नष्ट होने पर उसी के काष्ठ से अन्य पीपल उगने लगता है, एक कल्प के अन्त होने पर अन्य कल्प। (6) रोग नाशक। अश्वत्थे वो निषदनं पर्णे वो वसतिष्कृता। (ऋक्, 10/97/5)। यस्मिन् वृक्षे मध्वदः सुपर्णा निविशन्ते चाधिविश्वे। तस्येदाहुः पिप्पलं स्वाद्वग्रे तन्नोन्नशद्यः पितरं न वेद॥ (ऋक्, 1/164/22) अश्वत्थे वो निषदनं पर्णे वो वसतिष्कृता। गो भाज इत् किलासथ यत् सनवथ पूरुषम्॥ (ऋक्, 10/97/5) अश्वत्थो देवसदनस्तृतीयस्यामितो दिवि। तत्रामृतस्य चक्षणं ततः कुष्ठो अजायत॥ (अथर्व, 19/39/6), कुष्ठः = कु अर्थात् पृथ्वी पर स्थित। अलाबूनि पृषत्कान्यश्वत्थ पलाशम्। पिपीलिका वटश्वसो विद्युत् स्वापर्णशफो। गोशफो जरिततरोऽथामो दैव॥(अथर्व, 20/135/3) अथ यदनाशकायनमित्याचक्षते ब्रह्मचर्यमेव तदेष ह्यात्मा न नश्यति यं ब्रह्मचर्येणानुविन्दते। अथ यदरण्यायनमित्याचक्षते ब्रह्मचर्यमेव तदरश्च ह वैण्यश्चर्णवौ ब्रह्मलोके तृतीयस्यामितो दिवि। तदैरं मदीयं सरस्तदश्वत्थः सोमसवनः। तदपराजिता पूः ब्रह्मण। प्रभु विमितं हिरण्मयम। (छान्दोग्य उपनिषद्, 8/5/3) (3) ब्रह्मा रूप पलास- पलास के हर शाखा से 3 पत्र निकलते हैं-शाखा भी बची रहती है। अतः ब्रह्मा रूप सृष्टि को समझने के लिए वेद में कई प्रकार से (प्रायः 60 वैदिक उल्लेख) त्रिविध विभाजन हैं। हर विभाजन में कुछ छूट जाता है जिससे त्रयी का अर्थ 4 वेद होता



है। अविभक्त को अज्ञेय ब्रह्म कहा है (अविभक्तं विभक्तेषु - गीता, 13/16, 18/20) । अतः ब्रह्मा को पलास जैसा कहा है और व्रतारम्भ संस्कार में मूल ब्रह्म रूप पलास दण्ड धारण करते हैं। यस्मिन् वृक्षे सुपलाशे देवैः संपिबते यमः। अत्रा नो विश्पतिः पिता पुराणां अनु वेनति॥ (ऋक्, 10/135/1) सर्वेषां वा एष वनस्पतीनां योनिर्यत् पलासः। (स्वायम्भुव ब्रह्मरूपत्त्वात) तेजो वै ब्रह्मवर्चसं वनस्पतीनां पलाशः- ऐतरेय ब्राह्मण, 2/1) ब्रह्म वै पलाशस्य पलाशम् (= पर्णम्)। (शतपथ ब्राह्मण, 2/6/2/8) ब्रह्म वै पलाशः। (शतपथ ब्राह्मण, 1/3/3/19) (4) शिव रूप वट- शिव का प्रतीक वट है। शिव परम ज्ञान रूप हैं, गुरु-शिष्य परम्परा का आरम्भ शिव से ही हुआ है। वट शिव का प्रतीक है। इसकी हवाई जड़ भूमि से मिल कर अन्य वृक्ष को जन्म देती है। इसी प्रकार गुरु शिष्य को ज्ञान दे कर अपने जैसा मनुष्य बना देता है। ऋग्वेद में मूल वृक्ष की शाखा से उत्पन्न वृक्ष को द्रुघण या प्रघण (द्वितीय, मिले हुए घने वृक्ष) कहा गया है। यज्ञ रूप शिव का प्रतीक या वाहन वृषभ है, जिसके शृङ्ग, सिर, पाद, हाथ आदि यज्ञ के अङ्ग रूप में वर्णित हैं। लोकभाषा में द्रुघन का दुमदुमा (द्रुम से द्रुम) हो गया है जो हर शिव पीठ में है। न्यक्रन्दयन्नुपयन्त एन ममेहयन् वृषभं मध्य आजेः। तेन सूभर्वं शतवत् सहस्रं गवां मुद्गलः प्रघने जिगाय॥5॥ शुनमष्ट्राव्यचरत् कपर्दी वरत्रायां दार्वानह्यमानः॥8॥ इमं तं पश्य वृषभस्य युञ्जं काष्ठाया मध्ये द्रुघणं शयानम्॥9॥ (ऋक्, 10/102/5-8) चत्वारि शृङ्गा त्रयो अस्य पादा द्वे शीर्षे सप्त हस्तासो अस्य। त्रिधा बद्धो वृषभो रोरवीति, महोदेवो मर्त्यां आविवेश॥ (ऋक् 4/58/3) 4 शृङ्ग (सींग) = 4 वेद, 3 पाद = 3 सवन-प्रातः, मध्याह्न, सायं। 2 सिर = ब्रह्म-ओदन (भोग्य), प्रवर्ग्य (अतिरिक्त बचा हुआ)। 7 हाथ = अग्नि की 7 जिह्वा, 7 छन्द। 3 प्रकार से बद्ध = मन्त्र, ब्राह्मण, कल्प। वट की शाखा नीचे आकर पुनः उठती है, इस अर्थ में इसे वेद में न्यग्रोध कहा है- ते यत् न्यञ्चो अरोहन्, तस्मात् न्यङ् रोहति न्यग्रोहः, न्यग्रोहः वै नाम तत् न्यग्रोहं सन्तं न्यग्रोध इति आचक्षते। (ऐतरेय ब्राह्मण, 7/30) न्यञ्चो न्यग्रोधा रोहन्ति। (शतपथ ब्राह्मण, 13/2/7/3) अथर्व वेद में अश्वत्थ, न्यग्रोध आदि का रोगनाशक रूप में वर्णन है- यत्रा अश्वत्था न्यग्रोधा महावृक्षाः शिखण्डिनः। तत्परेत अप्सरसः प्रतिबुद्धा अभूतन॥ (अथर्व, 4/37/4) 'प्रतिबुद्धा अभूतन' जानने, स्मरण रखने अर्थ में है। इस पर सिद्धार्थ की कथा बनी कि उनको पिप्पल के नीचे बैठने से ज्ञान मिला। मस्तिष्क में जो ज्ञान रूपी वृक्ष है, उसके नीचे बैठने से ज्ञान मिलता है। ज्ञान के लिए गुरु रूपी वट के नीचे बैठते हैं, वह वटु (छात्र) या वटुक (छोटा छात्र) है। वट-विटप समीपे भूमिभागे निषण्णं, सकल मुनि जनानां ज्ञान-दातारमारात। त्रिभुवनगुरुमीशं दक्षिणामूर्तिदेवं, जनन-मरण दुःख-च्छेद दक्षं नमामि॥ चित्रं वट-तरोर्मूले, वृद्धाः शिष्या गुरुर्युवा। गुरोस्तु मौनं व्याख्यानं, शिष्यास्तु छिन्न-संशयाः॥ (दक्षिणामूर्ति उपनिषद्) बट-वृक्ष की शाखाओं से नये वृक्षों का निर्माण सृष्टि के एक कल्प के बाद नये कल्प के निर्माण जैसा है। निर्माण क्रम शिव हैं, उसके पत्र पर कर्तृता रूपी बीज श्रीकृष्ण हैं- करारविन्देन पदारविन्दं, मुखारविन्दे विनिवेशयन्तम्। वटस्य पत्रस्य पुटे शयानं, बालं मुकुन्दं मनसा स्मरामि॥ (ब्रह्म पुराण, 53/27-33, भागवत पुराण, 12/9/20-25, विष्णु धर्मोत्तर पुराण, 1/78/10-20, स्कन्द पुराण, 2/2/3/5-14 के आधार पर बिल्वमङ्गल रचित बालमुकुन्दाष्टकम्, 1) सृष्टि-प्रलय चक्रों को अहोरात्र कहा गया है-न रात्र्या अह्न आसीत् प्रकेतः। (नासदीय सूक्त, ऋक्, 10/129/2)। अव्यक्ताद् व्यक्तयः सर्वे प्रभवन्त्यहरागमे। रात्र्यागमे प्रलीयन्ते तत्रैवाव्यक्त संज्ञके॥ (गीता, 8/18) 2. ऊर्ध्व मूल - (1) मूल और शाखा-ऊर्ध्वमूलमधः शाखमश्वत्थं प्राहुरव्ययम्। छन्दांसि यस्य पर्णानि यस्तं वेद स वेदवित्॥ ((गीता, 15/1) = ऊपर मूल तथा नीचे की शाखा वाले अश्वत्थ को अव्यय कहते हैं, छन्द इसके पत्ते हैं। इस अश्वत्थ को जो जानता है, वही वेद को जानता है। ऊर्ध्वमूलोऽवाक् शाख एषोऽश्वत्थः सनातनः। तदेव शुक्रं तद् ब्रह्म तदेवामृतमुच्यते। तस्मिँल्लोकाः श्रिताः सर्वे तदु नात्येति कश्चन एतद्वै तत॥ (कठोपनिषद्, 2/3/1) = यह सनातन अश्वत्थ है जिसका मूल ऊपर तथा शाखा नीचे है। वही शुक्र, ब्रह्म तथा अमृत कहा जाता है।





# विश्व हिंदू परिषद कार्यालय पर हुआ रक्षाबंधन का आयोजन

**इन्दौर, राष्ट्रीय जनभावना।** विहिप के प्रचार प्रमुख गन्नी चौकसे ने बताया कि प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी विश्व हिंदू परिषद कार्यालय पर रक्षाबंधन का कार्यक्रम संपन्न हुआ । इस दौरान दुर्गा वाहिन की बहनों ने कार्यालय में सभी पूर्णकालिक भाइयों को एवं प्रांत संगठन मंत्री खगेंद्र भार्गव को राखी बांधकर रक्षाबंधन का पर्व मनाय। इस उपलक्ष में प्रांत संगठन मंत्री खगेंद्र भार्गव ने कहा कि रक्षा बंधन केवल एक पर्व नहीं बल्कि एक भाई बहन के प्रेम का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि राखी वह मजबूत डोर है जो रिश्तों में मजबूती लाती है। दुर्गा वाहिनी की विभाग सयोजिका स्वाति मालवीय ने कहा कि रक्षा बंधन के साथ भाइयों की लंबी उम्र की कामना की गई है और हमेशा रक्षा का वचन लिया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रांत संगठन मंत्री खगेंद्र भार्गव ,स्वाति मालवीय पिंकी खंडेलवाल ,गीता पवार ,काजल सिंह,आरू पांडे,ईशा सोनी,साक्षी हड़े के साथ बड़ी संख्या मैं दुर्गा वाहिनी की बहने उपस्थित रही।



# हम आज राजनीति में जिस स्थान पर हैं उसके पीछे श्रद्धेय कुशाभाऊ ठाकरे जैसा व्यक्तित्व है - श्री कृष्ण मुरारी मोघे

**इंदौर, राष्ट्रीय जनभावना।** भारतीय जनता पार्टी इंदौर महानगर द्वारा आज भाजपा के पितृ पुरूष, कुशल संगठक, वरिष्ठ नेता स्व. कुशाभाऊजी ठाकरे की जन्म जयंती पर शांतिपथ, डीआरपी लाईन स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता श्री कृष्ण मुरारी मोघे ने कहा कि आज हम राजनीति मैं जिस स्थान पर हैं उसके पीछे श्रद्धेय कुशाभाऊ ठाकरे जैसा व्यक्तित्व है आज भारतीय जनता पार्टी श्रद्धेय कुशाभाऊ ठाकरे जी जैसे कार्यकर्ता के परिश्रम एवं संगठन कुशलता के कारण खड़ी हुई है। हमें यह चिंतन मनन करना चाहिए कि हम श्रद्धेय कुशाभाऊ ठाकरे के मूल्यों को कितना आत्मसात करते हैं। नगर अध्यक्ष श्री गौरव रणदिवे ने कहा कि श्रद्धेय कुशाभाऊ ठाकरे ने संगठन को सुशासन एवं लोक कल्याण के लिए समर्पित किया इसके लिए हम उनके सदैव आभारी रहेंगे वह मानव शिल्पी थे और उन्होंने कहा था कि हम शासन नहीं सेवा करते हैं इसलिए हमें देश एवं संगठन के उत्थान के लिए कार्य करते रहना चाहिए । इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री श्री तुलसी सिलावट,महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव, पूर्व विधायक श्री सुदर्शन गुप्ता, वरिष्ठ भाजपा नेता श्री घनश्याम शेर, श्री गोपीकृष्ण नेमा,नगर महामंत्री श्री सुधीर कोल्हे,श्री निरंजन सिंह चौहान,श्री कमल वाघेला, श्री योगेश गेंदर, श्री मुकेश मंगल,श्रीमती ज्योति पंडित,श्री रघु यादव सहित बड़ी संख्या में नगर पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## ट्रक ने रौंदा, युवक की मौत

**इंदौर।** बाइक सवार युवक को ट्रक ने बुरी तरह रौंद दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मामले में तेजाजी नगर पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि हादसा थाना क्षेत्र के नेमावर ब्रिज के पास बायपास पर हुआ। मृतक का नाम विशाल पिता मोहन(26) निवासी पूर्वा नगर है। वह उद्योग नगर में प्राइवेट नौकरी करता था। उसकी शादी नहीं हुई थी। पिता भी प्राइवेट नौकरी करते हैं। युवक नौकरी के बाद जन्माष्टमी मनाने घर लौट रहा था, तभी ट्रक क्रमांक एचआर-38 एई-8098 ने अपनी चपेट में ले लिया। युवक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद पुलिस ने ट्रक जब्त करते हुए शव को पीएम के लिए एमवाय भिजवा दिया।

## जीजा को चाकू मारा

**इंदौर (नगर संवाददाता)।** एक व्यक्ति को उसके साले ने चाकू से हमला कर घायल कर दिया। मामले में पुलिस ने घायल जीजा की रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है। फरियादी विनोद पिता कृष्ण कुमार राय निवासी धीरज नगर ने पुलिस को बताया कि वह रविवार शाम बजरंग नगर में ससुराल गया और पत्नी को ले जाने की बात करने लगा तो साला जितेंद्र ने गालियां दी और फिर उसे कमर और पैर पर चाकू मार कर भाग गया। पुलिस ने केस दर्ज किया।

## यहां काका को किया घायल

इसी प्रकार इंदिरा एकतानगर में रहने वाले दीपक राठौर ने पुलिस को बताया कि घरेलू बात को लेकर चाचा महेश पिता पन्नालाल राठौर ने चाकू मार दिया और धमकी देकर भाग गया ।पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है।

## मां ने नाबालिग बेटे को कर दिया घायल

**इंदौर।** जो मां अपने बच्चों को प्यार करती है, उनकी हर ख्वाहिश पूरी करती है, वही ऐसा भी कर सकती है, ये किसी ने नहीं सोचा होगा। मामूली बात पर एक महिला ने बेटे पर दराते से हमला कर उसे घायल कर दिया। दरअसल नाबालिग बेटा मां के मोबाइल में मैसेज देख रहा था। इससे गुस्साई मां ने न केवल उसे पीटा, बल्कि हमला भी कर दिया। वहीं उसकी बहन ने भी जमकर मारपीट की। जानकारी के अनुसार 13 वर्षीय कार्तिक पिता बालकृष्ण पटेल निवासी ग्राम कनाड सिमरोल ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि रविवार शाम को उसने अपनी मां निर्मला पटेल का मोबाइल ले लिया और मैसेज देखने लगा तभी वह क्रोधित हो गई और गालियां देते हुए बोली कि तूने मेरा मोबाइल क्यों उठाया फिर उसके हाथ में चाकू मार दिया तभी बड़ी बहन दिव्या पटेल आई और उसने भी मारपीट की। सिमरोल पुलिस ने दोनों के खिलाफ के केस दर्ज किया।

## युवक को लात-घूंसों से पीटा

**इंदौर।** चंदननगर इलाके में आरोपी ने एक युवक की लात घूंसों से पिटाई कर दी। आरोपी बोला क्यों रे आजकल बहुत वीडियोग्राफी कर रहा है। फरियादी नीरज उर्फ भोला पिता लक्ष्मण वानिया निवासी गीता नगर की रिपोर्ट पर आरोपी करण पिता कालू निवासी धार रोड पर केस दर्ज किया गया। घटना सिपुर कालोनी के पास धार रोड पर हुई। फरियादी ने बताया कि आरोपी मिला और गालियां दी। बोला कि तू आजकल बहुत वीडियोग्राफी कर रहा है आज तुझे देखता हूं। फिर मारपीट कर दी जिससे चोट लगी।

## शराब के लिए युवक पर हमला

**इंदौर (नगर संवाददाता)।** शराब पीने के रूपए न देने पर गुंडे ने एक युवक पर हमला कर दिया। हमले के बाद आरोपी फरार हो गया। खजराना पुलिस के मुताबिक घटना साईनाथ किराना के पास खजराना में हुई। गोलू पिता मुरारी बिलरवाल निवासी मालवा मिल की रिपोर्ट पर आरोपी अनिल उर्फ मच्छी के खिलाफ केस दर्ज किया गया। फरियादी ने पुलिस को बताया कि आरोपी ने उसे रास्ते में रोका और शराब पीने के लिए रूपए मांगे। उसने रूपए देने से मना कर दिया तो आरोपी ने गाली गलौज की और लात घूसों से मारपीट की। फिर जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। पुलिस ने बताया कि आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

# पार्सल में ड्रग्स निकलने का दिया था झांसा ...


## डिजीटल अरेस्ट कर लगाई 8 लाख की चपत

**इंदौर (नगर संवाददाता)।** पुलिस की लाख समझाइश और जागरूकता अभियान चलाए जाने के बाद भी कुछ लोग साइबर क्रिमिनल के शिकार हो जाते हैं। ऐसा ही एक और मामला सामने आया है, जिसमें एक व्यक्ति को पार्सल में ड्रग्स मिलने के नाम पर डराया गया। बाद में क्राइम ब्रांच मुंबई में शिकायत करने के बहाने लंबे समय तक डिजिटल अरेस्ट रखा गया। वीडियो काल पर सारी प्रक्रिया को अंजाम देने के बहाने बैंक खाते से 8 लाख रुपए निकाल लिए।

एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया ने बताया कि क्राइम ब्रांच द्वारा संचालित साइबर सेल में एक व्यक्ति ने शिकायत की। उसके पास एक अनजान नंबर कॉल से आया और कहा कि आपका पार्सल रिटर्न हो गया है। जो कस्टम डिपार्टमेंट ने सीज किया है। जिसमें कई सस्पेक्ट आइटम निकले हैं और अगर यह पार्सल आपने नहीं भेजा है तो आपको साइबर क्राइम में कम्पलेंट करना जरुरी है। आवेदक ने उक्त कंपनी के अज्ञात व्यक्ति से पार्सल की डिटेल मांगी जो उन्होंने कॉल पर दे दी, फिर अज्ञात ने कॉल पर ही कहा कि आपको साइबर क्राइम में कम्पलेंट करना चाहिए, फेडेक्स कंपनी ने एफआईआर कर दी है।

### इस तरह उलझाया बातों में

ठग द्वारा फिर आवेदक को क्राइम ब्रांच का नंबर शेयर करते हुए कहा कि हम डायरेक्ट आपका कॉल साइबर क्राइम मुंबई में कनेक्ट कर देते हैं आप यहां अपनी कंप्लेंट दर्ज कर सकते हैं तो आपको फ्यूचर में कोई दिक्कत नहीं होगी। ठग द्वारा साइबर क्राइम मुंबई में कॉल कनेक्ट किया गया और उन्होंने पार्सल के संबंध में सारी डिटेल मांगी और स्टेप बाय स्टेप मैंने उन्हें सारी डिटेल अज्ञात को दी और ठग गैंग द्वारा आवेदक से कहा कि आप कंप्लेंट के लिए मुंबई आ सकते हैं अगर नहीं आना है तो आप ऑनलाइन कंप्लेंट



प्रोसीजर को फालो करना पड़ेगा और इसके लिए स्काइप वीडियो कॉल पर आपको सारी जानकारी देना पड़ेगी।

### सारी जानकारी वीडियो कॉल पर दें

फिर उन्होंने साइबर क्राइम सेल स्काइप आईडी से आवेदक को कॉल किया और कहा कि मैं प्रदीप सावंत अंधेरी ईस्ट मुंबई से बोल रहा हूं यह एक रिकॉर्डर कॉल है, कंप्लेंट करने के लिए और इस बीच आप किसी से ना तो कॉल पर बात कर सकते हैं और ना आपके साथ कोई होना चाहिए और कॉल के दौरान फिर उन्होंने कहा कि आप सारी जानकारी वीडियो कॉल पर दें। आवेदक से उसका यूपीआई आईडी और पैन नंबर मांगा और फिर कॉल पर उन्होंने उनके हेड क्वार्टर कॉल किया और पूछा यह आईडी और कोई इलीगल एक्टिविटी में तो नहीं है फिर दो से तीन मिनट बाद हेडक्वार्टर से कनेक्ट कर किया गया और कहा की आवेदक की यूपीआई आईडी मनी लॉन्ड्रिंग में यूज हुई है और आवेदक का नाम मनी लॉन्ड्रिंग में आया है।

### 14 साल की जेल हो सकती है

उससे कहा गया कि यह बहुत सीरियस मैटर है आपको को 14 साल की जेल हो सकती है और आपको हमारे साथ कोआपरेट करना पड़ेगा, उन्होंने कहा कि आपको को चिंता करने की जरूरत नहीं है अगर आपने कोई गलत कार्य नहीं किया है तो डरने की जरूरत नहीं है हम सारी प्रोसेस होने के बाद आपको एक क्लीयरेंस सर्टिफिकेट देंगे, उन्होंने कहा कि आपके सारे अकाउंट का डिटेल और अकाउंट में कितना बैलेंस है बताया और रिकॉर्ड कॉल पर पिछले सिक्स मंथ का स्टेटमेंट रीड करवाते हुए कहने लगा हम आपके अकाउंट को वेरीफाई करवाएंगे।

### आपके खाते में रिटर्न आ जाएगा पैसा

स्काइप पर स्क्रीन शेयर करके सारे अकाउंट को चेक करने को कहा और कहा कि अगर आप यह नहीं करते तो आपका नाम मनी लॉन्ड्रिंग केस में आ जाएगा,उन्होंने आवेदक के बैंक के अकाउंट को वेरीफाई करने के लिए मिनिस्ट्री आफ फाइनेंस से चेक करवाने को कहा और कहा की आपके बैंक डिटेल्स को आरबीआई और मिनिस्ट्री आफ फाइनेंस चेक करके क्लीयरेंस देंगे तो ही आपको इस केस से फ्री हो पाओगे इसका एक प्रोसीजर है उसके बाद उन्होंने कहा प्रोसीजर के नाम पर कहा कि सारा पैसा दिए गए बैंक अकाउंट ट्रांसफर करना पड़ेगा। चेक होकर 10 मिनट में आपके बैंक खाते में रिटर्न आ जाएगा, इस बीच आप किसी से ना तो कॉल पर बात कर सकते हैं और न रूम में कोई आ सकता है जब और टाइम निकल गया आवेदक को लगा कि मैं किसी साइबर फ्राड में फंस गया हूं तब आवेदक द्वारा रीगल स्कायर पर शिकायत दर्ज कराई।

# व्यापारी गए धार्मिक यात्रा पर, चोरों ने कर दी वारदात

## लाखों के जेवरात व नगदी ले भागे बदमाश

**इंदौर (नगर संवाददाता)।** फार्मा का काम करने वाले एक व्यापारी धार्मिक यात्रा पर गए हुए थे। इस दौरान चोरों ने सूना मकान देख धावा बोला और वारदात को अंजाम देते हुए लाखों रुपए के जेवरात व नकदी लेकर भाग निकले। मामले में पुलिस केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश में जुटी है।

बताया जाता है कि व्यापारी महाराष्ट्र में अपने परिवार के साथ धार्मिक यात्रा पर गए थे। दो दिन बाद जब व्यापारी वापस आए तो चोरी का पता चला। तेजाजी नगर पुलिस के अनुसार खंडवा रोड स्थित न्यू रानीबाग निवासी सनमीत सिंह सलूजा पत्नी कमलजीत के साथ 17 अगस्त को महाराष्ट्र के नांदेड़ गए थे। 19 को उनके मोबाइल पर पड़ोसी निखिल सतलानी का कॉल आया। रात 3 बजे बताया कि घर के बाहर दरवाजे पर कुछ संदिग्ध लोग खडें हैं। इसके बाद निखिल ने पुलिस को भी सूचित किया। 22 अगस्त को वह वापस पत्नी के साथ घर आए तो मेनगेट का ताला टूटा था। अंदर अलमारी से बॉक्स गायब था। इसमें एक सोने का कड़ा, मंगलसूत्र, दो अंगूठी, एक सोने का पैंडल, दो चूड़ी, चार कान के टॉप्स, नकदी रुपए चुराकर ले गए। जानकारी के मुताबिक पुलिस ने इस मामले में कुछ संदिग्धों से पूछताछ शुरू की है।

### इलेक्ट्रीशियन की बाइक चोरी

पलासिया में एक बाइक चोरी का सीसीटीवी सामने आया है।

आरोपी बाइक से आए थे। कुछ ही मिनट में वह दूसरी बाइक लेकर भाग गए। पुलिस फुटेज के आधार पर आरोपी की तलाश में जुट गई है।पुलिस के मुताबिक पलासिया के गिटार चौराहा स्थित तिरुपति कॉलोनी में रहने वाले टॉम जोसेफ ने अपनी बाइक रात 11 बजे पार्किंग में खड़ी की थी। कुछ देर बाद आकर देखा तो बाइक जगह पर नहीं थी। उन्होंने घर के पास लगे कैमरों के फुटेज चेक किये। जिसमें बाइक से आए बदमाश उनकी गाड़ी लेकर जाते हुए दिखाई दे रहे हैं। आरोपियों ने कुछ ही मिनट में पूरी वारदात को अंजाम दिया है। पुलिस सीसीटीवी के आधार पर आरोपियों की तलाश में जुट गई है।

# जन-धन बैंक खाते में हेराफेरी, बैंक कर्मचारी सहित दो पर केस

**इंदौर (नगर संवाददाता)।** जन धन बैंक खाते में हेराफेरी कर लाखों का ट्रांजेक्शन के मामले में शिकायत की जांच के बाद बैंक कर्मचारी सहित दो लोगों पर पुलिस ने केस दर्ज किया गया है। मामला मल्हारगंज इलाके का है। पुलिस ने बताया कि आवेदक हरिकृष्ण, रितिक जोड़, सिदार्थ गौड़,राजेश यादव की शिकायत पर जांच के बाद आरोपी वरूण उर्फ यश विश्वकर्मा निवासी साजन नगर,मो.जुबेर खां(बैंक कर्मचारी इंडसाइड बैंक) के खिलाफ केस दर्ज किया गया। मामला इंड्सइंड बैंक इतवारिया बाजार शाखा का है और दो साल पुराना है। जांच में आवेदकों के कथन,बैंक स्टेटमेंट और आनलाइन खाता फार्म से पाया गया कि आरोपी वरूण उर्फ यश विश्वकर्मा और मो.जुबेर ने जन धन योजना के तहत खाता खोलने के लिए प्रलोभन देते हुए सेल्फ करंट खाता खोला। वरूण ने आवेदक हरिकिशन निरंकारी के खाते में षड्यंत्रपूर्वक अपने साथियों की मदद से खाताधारक के मोबाइल नंबर के स्थान पर खुद का नंबर दर्ज करा दिया था। आवेदक हरिकिशन और राजेश यादव के खाते में नंबर बदल जाना पाया गया। इन बैंक खातों में लाखों की राशि जमा और फिर से निकाला जाना इंटरनेट बैकिंग से होना पाया गया।

# प्रेम विवाह करने वाली ने लगाई फांसी

**इंदौर (नगर संवाददाता)।** प्रेम विवाह करने वाली युवती ने शादी के एक साल बाद फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बताया जाता है कि सुबह वह पति और भाई से हाथ-पैर में दर्द होने का कहकर कमरे में गई थी। इसके बाद दरवाजा लगाकर सो गई। पति जब देखने पहुंचा तो वह फंदे पर लटकी थी। खजराना पुलिस के मुताबिक धीरज नगर में रहने वाली शीतल पति प्रीतम राजपूत ने सोमवार दोपहर अपने घर में फांसी लगाकर जान दे दी। पति प्रीतम ने बताया कि शीतल की तबीयत ठीक नहीं थी।

# जुआरियों से हजारों रुपए जब्त, घर में बना रखा था जुएं का अड्डा

**इंदौर ।** सदर बाजार पुलिस ने एक घर में छापामार जुआ खेलते हुए आधा दर्जन से अधिक आरोपियों को गिरफ्तार कर इनके पास से 27 000 से अधिक रुपए जप्त किए । पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि क्षेत्र के फारूक डॉक्टर के घर के सामने पहली मंजिल पर कुछ लोग जुआ खेल रहे हैं ।उनके निर्देश पर सहायक उप निरीक्षक कुलदीप सिंह के नेतृत्व म पुलिस ने छापा मारा तो आरोपियों में हडकंप मच गया ।पुलिस ने यहां से इमरान उर्फ मानसिंह अजहरुद्दीन आबिद अली मोहम्मद अब्बास मोहम्मद फारूक अशरफ मोहम्मद जमील शरीफ खान इमरान इलियास और शाहिद खान को पकड़ा इनके पास से 27500 रुपए बरामद किए हैं ।

# प्रेस्टीज के छात्रों ने संभाली ट्रैफिक की कमान: मैं हूँ ट्रैफिक मित्र अभियान में निभा रहे अहम भूमिका

**इंदौर, राष्ट्रीय जनभावना।** बढ़ते यातायात के दबाव और अव्यवस्थित ट्रैफिक व्यवस्था को सुधारने के लिए प्रेस्टीज प्रबंध संस्थान के लिटरेसी वालंटियर्स ने एक अनूठी पहल की है। इंदौर महापौर के नेतृत्व में चलाए जा रहे मैं हूँ ट्रैफिक मित्र अभियान के तहत ये वालंटियर्स शहर के विभिन्न व्यस्त चौराहों पर ट्रैफिक प्रबंधन में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। पहले से ही प्रेस्टीज इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड रिसर्च (पी.आई.एम.आर) लिटरेसी मिशन के अंतर्गत साक्षरता और विभिन्न सामाजिक कार्यक्रमों में सक्रिय रहे ये वालंटियर्स अब ट्रैफिक के सुचारु संचालन में भी अपनी भागीदारी निभा रहे हैं। सप्ताहांत में शहर के विभिन्न चौराहों पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए, ये वालंटियर्स न केवल ट्रैफिक के प्रभावी संचालन में मदद कर रहे हैं, बल्कि आम जनता को ट्रैफिक नियमों के पालन के प्रति भी जागरूक कर रहे हैं। प्रेस्टीज



एजुकेशन फाउंडेशन के चेयरमेन, डॉ. डेविश जैन ने कहा कि इंदौर ने स्वच्छता के क्षेत्र में जो मील के पत्थर स्थापित किए हैं, अब वक्त आ गया है कि हम ट्रैफिक सुधार की दिशा में भी प्रभावी कदम उठाएं। इसी उद्देश्य से प्रेरित होकर, प्रेस्टीज लिटरेसी मिशन के वालंटियर्स ने ट्रैफिक सुधार के इस महाअभियान में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। डॉ. जैन ने इस अभियान को न केवल एक सामाजिक पहल बताया, बल्कि इसे समाज के प्रति अपने कर्तव्यों को निभाने का एक स्वर्णिम अवसर भी करार दिया। उन्होंने कहा कि पी.आई.एम.आर लिटरेसी मिशन के सभी विद्यार्थी शिक्षा के साथ-साथ समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों के प्रति भी पूरी तरह से समर्पित हैं। उन्होंने यह भी बताया कि प्रेस्टीज शिक्षण समूह हमेशा से ही विभिन्न सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी करता रहा है, जिससे समाज के अनेक वर्गों को लाभ हुआ है। संस्थान ने पहले भी कई सरकारी स्कूलों में बुनियादी सुविधाओं को सुधारने, छात्रों के लिए शैक्षिक सामग्री उपलब्ध कराने, और निःशुल्क चिकित्सा शिविरों का आयोजन कर जरूरतमंदों को चिकित्सा सेवाएं प्रदान करने जैसे कार्य किए हैं। इसके साथ ही, पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपने दायित्व को निभाते हुए, प्रेस्टीज ग्रुप ने वृक्षारोपण अभियान के तहत हजारों पेड़ लगाए हैं, ताकि आने वाली पीढ़ियों के लिए एक हरा-भरा वातावरण तैयार किया जा सके।

## कुशाभाऊ ठाकरे की जयंती पर भाजपा को मजबूत बनाने के लिए संकल्पित हों : मंत्री श्री काश्यप



**रतलाम।** भारतीय जनता पार्टी के पितृपुरुष कुशाभाऊ ठाकरे की जयंती जन्माष्टमी पर मनाई गयी। रंगोली सभागार में इस अवसर पर माल्यार्पण कार्यक्रम आयोजित हुआ जिसमें एमएसएमई मंत्री चेतन्य काश्यप ने ठाकरेजी के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए कार्यकर्ताओं से भाजपा को मजबूत बनाने के लिए संकल्पित होने का आहवान किया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय, जिला महामंत्री निर्मल कटारिया, जिला कोषाध्यक्ष जयवंत कोठारी सहित मंडल अध्यक्षगण और जिला, मंडल, मोर्चा एवं प्रकोष्ठ पदाधिकारियों ने भी माल्यार्पण कर ठाकरेजी को श्रद्धासुमन अर्पित किए।

## जो छल, कपट और माया में विचरण करते हैं उन्हें अगला भव स्त्री का मिलता है : साध्वी श्री अनंत गुणा श्री जी मसा.

**रतलाम।** श्री राजेंद्र सूरी त्रिस्तुतिक जैन श्वेतांबर श्री संघ एवं



चातुर्मास समिति द्वारा नीम वाला उपाश्रय खेरादी वास में रतलाम नंदन प.पू.श्री 1008 जैन मंदिर के प्रेरणादाता, राष्ट्र संत कोकण केसरी गच्छाधिपति आचार्य देवेश श्रीमद् विजय लेखेन्द्र सूरीश्वर जी म.सा. की आज्ञानुवर्ती एवं मालवमणि पूज्य साध्वी जी श्री स्वयं प्रभा श्री जी म.सा. की सुशिष्य रतलाम कुल दीपिका शासन ज्योति साध्वी जी श्री अनंत गुणा श्रीजी म.सा, श्री अक्षयगुणा श्रीजी म.सा. श्री समकित गुणा श्री जी म.सा. श्री भावित गुणा श्री जी म.सा. उपासना में विराजे हैं जिनका चातुर्मास में नित्य प्रवचन चल रहे हैं इसी तारतम्य में आज 26 अगस्त 2024, सोमवार को साध्वी श्री अनंत गुणा श्री जी मसा ने अपने प्रवचन में कहा कि पूर्व जन्म में जो छल कपट करते हैं और अपने माया से दूसरों को प्रभावित करते हैं उन्हें स्त्री का जन्म मिलता है।माया छल कपट करने वालों की दो ही गति होती है या तो वह स्त्री बनते हैं या फिर तिर्यंच गति में चले जाते हैं। जीवन के अंदर माया आ जाती है तो उसे कुछ मिलने वाला नहीं है माया छल कपट आता है तो कई प्रकार के दोष भी साथ में आते हैं। मनुष्य ही ऐसे हैं जो छल कपट करते हैं पशु,पक्षी नहीं करते पशु, पक्षियों को मोह भी नहीं रहता। चार प्रकार के ग्रह होते हैं जो जीवन को बर्बाद कर देते हैं पहला है कदाग्रह। मैं मेरे हिसाब से सब चल मैं जो बोलूं वह होना चाहिए मैं नहीं बोलूं तो नहीं होना चाहिए इसे कदारगृह कहते हैं। कादर ग्रह का मुख्य कारण मैं शब्द है। हर घर के अंदर झगड़ा क्लेश होता है तो पूरे घर में और जीवन शांति रहती है। कादर ग्रह से मुक्त होने का इलाज यह है छोड़ दो, जो हो रहा है अच्छा हो रहा है, होने दो। अब तो स्थिति ऐसी हो गई है की बहू को भी संभाल के रखना पड़ता है 2,4 साल में उन्हें सब मालूम पड़ जाता है कि घर में कितना पैसा है और कहां रखा हुआ है। अभी तो यह फैशन चल गई है की शादी करो और तलाक लो और पैसा कमाओ।शादी होते से ही बहू परेशान करने लगती है और तालाब की नौबत पर पहुंचा देती यह जैन समाज के लिए कलंक बन गया है। रविवार को शक्रस्तव अभिषेक संपन्न किया गया। जिसमें भगवान का औषधीय से अभिषेक संपन्न हुआ। कल प्रवचन में आपको कादर ग्रह, हटाग्रह, दूराग्रह और पूर्वाग्रह के बारे में बताया जाएगा। सौ. वृ.त. त्रीस्तुतिक जैन श्री संघ एवं राज अनंत चातुर्मास समिति, रतलाम के तत्वाधान में बड़ी संख्या में श्रावक एवं श्राविकाए उपस्थित थी।

## चालिहा महोत्सव अन्तर्गत श्री कृष्ण जन्मोत्सव मनाया गया

**रतलाम।** श्री कालिका माता मंदिर परिसर स्थित श्री झूलेलाल मंदिर पर 16 जुलाई 2024 से चल रहे 40 दिवसीय पूज्य चालिहा महोत्सव का आज भव्य समापन समारोह आयोजित हुआ । सिंधु सेना एवं श्री लाल सांई समिति के द्वारा आयोजित पूज्य चालिहा महोत्सव के समापन अवसर पर श्री कृष्ण जन्मोत्सव मनाया गया। जिसमें भगवान श्री कृष्ण को झूले में विराजित कर माखन मिश्री का भोग लगाया तथा मटकी फोड़ का आयोजन किया गया । जिसमें बालक वंश मोतियानी द्वारा भगवान कृष्ण की वेशभूषा धारण कर मटकी फोड़ी गई । इसके पश्चात माखन मिश्री वितरित की गई । आज बहिराणा साहेब लंगर प्रसादी की सेवा श्रीमती रूकमणी देवी, मुरलीधर आवतानी, चंद्रप्रकाश आवतानी, देवानंद खत्री परिवार द्वारा की गई। महोत्सव के सेवादारों रामलाल चंदानी, रमेश चोयथानी, अशोक हेमनानी, कमलेश दखानी, रोहित बदलानी, नरेन्द्र मेघानी, हरिश पंजवानी, हेमंत गणेशवानी, विन्नी जसूजा का श्री कालिका माता सेवा मंडल अध्यक्ष राजाराम मोतियानी, सचिव हरिश बिंदल के द्वारा शॉल श्रीफल एवं प्रतिक चिन्ह प्रदान कर सम्मान प्रदान किया गया । साथ ही पंचायत अध्यक्ष आर.के. सतवानी ने योगिता मेनी, अनुष्का फुलवानी का शाल श्रीफल से सम्मान किया गया। 40 दिवस तक ज्योत रोहित बदलानी द्वारा बनाई गई, प्रसादी बनाने की सेवा विन्नी जसूजा एवं ज्योत विसर्जन सतीश हेमनानी, धनराज लालवानी द्वारा किया गया। 40 दिवस तक भगवान श्री झूलेलाल जी का अमर कथा ग्रंथ का वाचन रमेश हेमनानी, नीलम हेमनानी, राजकुमारी कांतालाल चंदानी, सिंधु सेना अध्यक्ष चंदन मोतियानी, शहर अध्यक्ष योगेश सन्थानी, तरुण सोनी, अशोक जसूजा, हरिश मोतियानी आदि ने किया । भजन कीर्तन विनोद छेतिया एवं दिपेश छेतिया, आरती पल्लव सुंदर केवलरमानी, राजु लालवानी,नरेश शर्मा, कपिल जी तथा प्रसादी वितरण की प्रतिदिन सेवा सुशील फुलवानी, मीरा दादी, प्रकाश गोलानी, संजय नेनानी, टिकम सतवानी के द्वारा की गई। महिला मंडल की वीना अवतानी, उषा खत्री, सुमित्रा अवतानी, नेहा कल्याणी, नीता इसरानी, दिव्या जसरानी, गीता वाधवानी, हर्षा मितेरानी, ज्योति गोलानी आदि द्वारा 40 दिवस तक अपनी सेवाएं दी गई। अंका मंत्र का वाचन तिशा हेमनानी, वंश मोतियानी, अनुष्का फुलवानी ने किया। अंत में सम्पूर्ण सिंधी समाज एवं सभी सेवादारों का सिंधु सेना के प्रदेश महामंत्री हाशु कल्याणी ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

# अपहरण हुई 10 माह की नन्ही बच्ची की लाश बरामद

### आरोपी ने हत्या कर शव कुँए में फेंका, आरोपी गिरफ्तार

**रतलाम।**

**आठ दिन पूर्व गायब हुई 10 माह की मासूम बच्ची के अपहरण के मामले में पुलिस ने खुलासा किया है। आरोपी ने बच्ची की हत्या कर शव कुँए में फेक दिया था। पुलिस ने शव बरामद कर लिया है। जघन्य अपराध के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।**

दरअसल, 18 अगस्त को कालूखेड़ा थाना क्षेत्र से 10 माह की मासूम बच्ची तन्नु पिता मुकेश उर्फ राकेश खारोल उम्र 10 माह निवासी ग्राम उपरवाडा थाना पिपलौदा लापता हो गई थी। मामले की जानकारी मिलते एसपी राहुल कुमार लोढ़ा मौके पर पहुंचे थे। घटना स्थल पर डाग स्काट को बुलाकर सर्चिंग की गई।वहीं पुलिस टीम पुलिस लगातार मासूम की तलाश में जुटी हुई थी।

घटना की गम्भीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक राहुल कुमार लोढा व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राकेश खाका के निर्देशन व नगर पुलिस अधीक्षक जावरा दुर्गेश आर्मो, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस जावरा डाक्टर शक्तिसिह चौहान के मार्गदर्शन मे 10 माह की मासुम बच्ची की खोजबीन हेतु अलग अलग टीमे गठीत की गई। घटना स्थल पर डाग स्काट को बुलाकर सर्चिंग तथा सायबर सेल रतलाम की टीम के द्वारा तकनिकी साक्ष्यो का अवलोकन किया गया। रेडियो शाखा रतलाम व डिविजन के बल की टीम के ने घटना स्थल के आसपास के लगभग 200 से अधिक सीसीटीवी फुटेज खंगाले गये। नगर पुलिस अधीक्षक जावरा व अनुविभागीय अधिकारी पुलिस जावरा के मार्गदर्शन मे थाना प्रभारी कालुखेडा, थाना प्रभारी जावरा शहर, थाना प्रभारी



औधोगिक क्षेत्र जावरा, थाना प्रभारी रिंगनोद, चौकी प्रभारी ढोढर, चौकी प्रभारी मावता, चौकी प्रभारी माननखेडा व सरहदी थाना प्रभारी हथुनिया के द्वारा अपनी अपनी टीमो के माध्यम से घटना के सम्बध मे विस्तृत जानकारी खंगाली गई ।

सभी टीमो के अथक प्रयासो से रविवार को आरोपी दशरथ पिता रामलाल कटारिया जाति भील निवासी लसुडिया नाथी को राजस्थान के हथुनिया थाना क्षेत्र से पकडा गया। आरोपी से गहन पुछताछ करने पर अपहरण कर निर्ममता से बच्ची की हत्या करना व हत्या के बाद शव को गाँव के पास कुए मे फेंकना बताया। आरोपी दशरथ की निशादेही से कुए के अन्दर तैरती हुई एक छोटी बच्ची का शव मिला।

जिसकी पहचान कर परिजनो के द्वारा अपनी अपहर्त बच्ची होना बताया। आरोपी को गिरफ्तार कर मौके से शव को वैधानिक कार्यवाही कर पीएम हेतु मेडीकल कालेज रतलाम भेजा गया एवं डाक्टर के पैनल से शव का पीएम करवाया गया । गिरफ्तार आरोपी दशरथ को आज सोमवार को न्यायालय के समक्ष पेश कर पुलिस रिमाण्ड लिया गया।

अपहरण की गुत्थी सुलझाने में थाना कालुखेडा से निरीक्षक नीलम चौंगड, उनि कैलाश जोशी, उनि शरीफ खान, सउनि मोहम्मद युनुस खान, सउनि गलसिह भवेल, सउनि मनीष शर्मा, प्र आर 653 राजसिह, प्र आर 717 जगवीरसिह, प्र आर 237 विजय मीणा, प्र आर 427 कृष्णपालसिह, आर 337 सावरिया पाटीदार, आर 1175 रोहित दसोरिया, आर 1134 अनिल जाट, आर 169 हिम्मतसिह, आर 996 श्याम पण्डया, आर 994 अनिल रावत, आर 1030 नरेन्द्र डाबी, आर 65 कमलेश बुनकर, आर 822 पवन जाट, आर 461 लक्ष्मण, मआर 1072 पुजा, मआर 66 निशा, थाना जावरा शहर से निरीक्षक जितेन्द्रसिह जादौन, उनि प्रतापसिह भदौरिया, आर 394 लक्ष्मण नागदा, आर 41 यशवन्त जाट, आर 96 ललित जगावत, थाना औधोगिक क्षैत्र जावरा से निरीक्षक मुनेन्द्र गौतम, आर 517 दीपराजसिह, थाना रिंगनोद से निरीक्षक हरिश जेजुरकर, उनि कन्हैया अवस्या, सउनि सगीर खान, आर 629 राजेश सेंगर, आर 810 कमलेश पाण्डे, महिला बल मआर मंजु भाटी, मआर प्रतीभा परिहार (चौकी सालाखेडी), रेडियो शाखा रतलाम से उनि राजा तिवारी, प्र आर 84 शान्तिलाल डिंडोर, आर 03 पारस चावला, आर 1184 निलेश शर्मा, थाना प्रभारी हथुनिया उनि इन्द्रजीत परमार, आर सुरेश मीणा व डाग स्काट रतलाम टीम से आर नागुलाल, वन स्टाप सेन्टर से स्वाति व्यास की सराहनीय भुमिका रही।

## शिक्षको कीअतिशेष सूची में विसंगति को लेकर जिलाधीश से चर्चा

**रतलाम।** राज्य लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल के निर्देशों के तहत जिला शिक्षा कार्यालय रतलाम द्वारा जिले के अतिशेष शिक्षकों की पद स्थापना हेतु लगभग 170 अतिशेष शिक्षकों की सूची 25 अगस्त को प्रकाशित की गई। और 28 को काउंसलिंग आयोजित की गई।

प्रकाशित सूची में विसंगतियां होने से मध्य प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के जिला संरक्षक दीपक सुराना ने जिलाधीश राजेश बाथम से दूरभाष पर चर्चा कर विसंगतियों के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि सूची में दिवंगत शिक्षक, उच्च पद प्रभार ग्रहण करने वाले शिक्षकों के नाम एवं शाला में कार्यभार ग्रहण करने की तिथि त्रुटि पूर्ण होने की बात कही। तथा अल्प समय में संबंधित शिक्षकों को दावा आपत्ति पेश करने का भी अवसर प्रदान नहीं किया गया है। संगठन ने संबंधित शिक्षकों के अभ्यावेदन भी जिलाधीश महोदय को प्रेषित किए।

मध्य प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के प्रान्ताध्यक्ष विजय मिश्रा ने भी आयुक्त लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल को पत्र लिखकर प्रदेश में अतिशेष शिक्षकों की विसंगति पूर्ण प्रक्रिया मैं सुधार करने एवं दावा आपत्ति का अवसर प्रदान करने के लिए पत्र लिखा। फल स्वरुप अतिशेष शिक्षकों को दावा आपत्ति पेश करने का अवसर जिला शिक्षा अधिकारी रतलाम द्वारा प्रदान किया गया।

कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष शरद शुक्ला, आराधना निर्गुणकर, पटवा, राजेंद्र त्रिवेदी ,संजय मोदी, गणेश मालवीय, शैलेंद्र देवड़ा, चरण सिंह चौधरी,ललित पांचाल, बाण सिंह शक्तावत, सुभाष शर्मा, सुनील वर्मा,जुल्फिकार अली, विजय सिंह सोलंकी जितेंद्र सिंह राठौड़, विजेंद्र सिंह राठौड़ आदि ने जिलाधीश के प्रति आभार व्यक्त किया।

## श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर मंत्री श्री काश्यप का गोपाल मंदिर ट्रस्ट द्वारा अभिनंदन



**रतलाम।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर एमएसएमई मंत्री चेतन्य काश्यप ने माणकचौक स्थित श्री गोपालजी का बड़ा मंदिर में भगवान के दर्शन-वंदन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान श्री गोपालजी का बड़ा मंदिर न्यास की ओर से श्री काश्यप को स्मृति चिन्ह भेंट कर अभिनंदन किया गया। इस दौरान न्यासी मनोहर पोरवाल, महेश व्यास, सुरेश अग्रवाल, लक्ष्मीनारायण अग्रवाल, केदार अग्रवाल, रमेश गर्ग, किशोर मित्तल, गोपाल मंत्री, ताराचंद पालीवाल, मांगीलाल अग्रवाल, सत्यनारायण पालीवाल, सत्यनारायण पोरवाल, सोनू व्यास सहित भाजपा मंडल अध्यक्ष निलेश गांधी उपस्थित रहें।

## प्रदेश के लीजेंड वॉलीबॉल खिलाड़ियों को सम्मानित किया



**रतलाम।** मध्य प्रदेश डायरेक्टर वालीबाल संघ,डायरेक्ट प्रमोशन वालीबॉल एसोसिएशन ऑफ़ इंडिया एवं उज्जैन जिला डायरेक्ट वालीबाल संघ के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित लीजेंड भूतपूर्व डायरेक्ट वॉलीबॉल खिलाड़ियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। खिलाड़ियों को अनिल जैन विधायक उज्जैन, श्रीमती कलावती यादव सभापति म्युनिसिपल कॉरपोरेशन उज्जैन, मध्य प्रदेश और फेडरेशन के पदाधिकारी अफरोज शाह शेख महासचिव रोहितसिंह, कार्यक्रम संयोजक श्रीकांत वर्मा द्वारा सभी को शाल, श्रीफल, कैप, टी-शर्ट, स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। जिले के प्रकाश चंद्र व्यास रतलाम, सालार हुसैन बादशाह जावरा सहित इंदौर, उज्जैन, शामगढ़, भोपाल, शिवपुरी के लीजेंड वॉलीबॉल खिलाड़ियों को अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया इस अवसर पर जिला डायरेक्ट वालीबाल संघ रतलाम के श्री यूं एल भाटी अध्यक्ष, महेश सोलंकी, महासचिव सहित लोकेंद्रसिंह डोडिया मोइनुद्दीन खान, याकूब मंसूरी, सुभाष चंद्र व्यास, नरेंद्रसिंह सिसोदिया, सुरेश चंद्र व्यास, जगदीश पानोला, जहीर खान आदि उपस्थित थे।

## ज्ञानशाला ज्ञानवान बनाने की शाला है : साध्वी श्री पुण्यप्रभाजी

**रतलाम।**

**ज्ञानशाला ज्ञानवान, बनाने की शाला है। इसमें प्रवेश होने वाला बच्चा नर्म, शीलन और लज्जावान बनता है ।**

ज्ञानशाला बच्चों में संस्कारों के बीजों का रोपन बड़े ही अच्छे ढंग से करती है । इसमें न केवल लेसन याद करवाए जाते है बल्कि प्रैक्टिकल प्रयोगों के द्वारा उनके भाव तंत्र को भी पॉजिटिव एनर्जी के साथ एक्टिव किया जाता है।

उक्त बात श्री तेरापंथ सभा भवन में चल रहे चातुर्मास के अंतर्गत महा तपस्वी आचार्य श्री महाश्रमण जी की सुशिष्या साध्वी श्री पुण्यप्रभा जी ने ज्ञानशाला दिवस पर आयोजित ज्ञानशाला में उपस्थित बच्चों और धर्मानुरागी महानुभावनों को सम्बोधित करते हुए व्यक्ति किए।

साध्वी श्री ने आगे क़हा कि चार्तुमास में करणीय कार्यक्रम



ज्ञानशाला का महत्वपूर्ण उपक्रम है। यह आचार्य श्री तुलसी के दिव्य स्वप्नो में से एक स्वप्न है। जिसे सब एकजुट होकर साकार करें तथा हमारी भावी पीढ़ी को सुदृढ़ बनाएं। आज के ये नौनिहाल देश के भावी कर्णधार है । हमारी भावी पीढ़ी संस्कारी बनेगी तो वह दिन दूर नहीं है जब भारत पुनः आध्यात्मिक गुरु का दर्जा प्राप्त कर विश्व क्षितिज पर आदर्श बनकर उभरेगा। साध्वी श्री ने बच्चों में पाए जाने वाले स्वाभाविक गुण दोषों का विश्लेषण कर गुणों को पल्लवित पुष्पित करने की प्रेरणा दी।

संघ अध्यक्ष विजय वोरा, सचिव मनीष बरवेटा ने बताया कि चार्तुमास के अन्तर्गत चल रहे धार्मिक कार्यक्रमों में आज तेरापंथ सभा भवन में ज्ञानशाला का आयोजन किया गया । जिसमें प्रातः बच्चों द्वारा प्रभात फेरी निकाली गई। कार्यक्रम का आरम्भ बच्चों द्वारा अर्हं-अर्हं की वंदना फले'' इस प्रार्थना के साथ हुआ। ज्ञानशाला की शिक्षिकाओं एवं बच्चों द्वारा प्रेरणास्पद प्रस्तुतियां दी गई । शासन माता साध्वी प्रमुखा श्री कनक प्रभा जी द्वारा रचित ज्ञानशाला गीत साध्वी वृंद द्वारा प्रस्तुत किया गया।

ज्ञानशाला प्रशिक्षिका ने अभिभावकों को आव्हान करते हुए एक भावपूर्ण गीत का गायन किया। संस्कार निर्माण में परिवारों वालों की क्या भूमिका होती इस पर ज्ञानशाला परिवार ने परिसंवाद के माध्यम से बहुत सुंदर प्रस्तुति दी। इसके पश्चात बच्चों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया । कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे। ज्ञानशाला का संचालन श्रीमती मधु मांडोत ने कुशलता पूर्वक किया।

# भाजपा दिनदयाल मंडल की सदस्यता अभियान कार्यशाला संपन्न

**रतलाम।**

**भारतीय जनता पार्टी ने पूर्व में अमित शाह जी के कार्यकाल में जो सदस्यता अभियान चलाया था, उसने विश्व रिकॉर्ड बनाया था। अभियान के दौरान 10 करोड़ सदस्य बने थे और अब एक बार फिर 1 सितम्बर से संगठन पर्व शुरु हो रहा है।**

सदस्यता अभियान संगठन की जान होता है। पूर्व की सदस्यता 6 वर्ष की थी, इसलिए सबको फिर से सदस्यता लेनी है। पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता पहले ही दिन जब प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी सदस्यता अभियान का शुभारंभ करेंगे, तब सदस्य बने और एक लक्ष्य लेकर बूथ स्तर पर अभियान चलाएं। लक्ष्य से ही अभियान में उपलब्धि हासिल होगी।

यह बात एमएसएमई मंत्री चेतन्य काश्यप ने कही। रंगोली सभागार में भाजपा दिनदयाल मंडल द्वारा आयोजित सदस्यता अभियान कार्यशाला में श्री काश्यप ने कहा कि दिल्ली में प्रधानमंत्रीजी और प्रदेश में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मिस्ड कॉल से अभियान की शुरुआत करेंगे। प्रदेश में भाजपा ने सभी 29 लोकसभा सीटें जीतकर जो इतिहास रचा है, उसे अब तोड़ नहीं पाऐंगा। कार्यकर्ताओं को लोकसभा चुनाव जैसी ही मेहनत





करना होगी और हर बूथ पर जाकर सदस्यता अभियान को सफल करना है। श्री काश्यप ने कहा कि भाजपा का लक्ष्य है कि जितने मत चुनाव में मिले, उसका 70 प्रतिशत सदस्य बनें। दिनदयाल मंडल में 56 बूथों पर करीब 25800 मत मिले हैं तदानुसार 20000 सदस्य बनाना होंगे। भाजपा के लिए यह मंडल महत्वपूर्ण है उन्हें उम्मीद है कि कार्यकर्ताओं की मेहनत से सदस्यता अभियान में दिनदयाल मंडल अग्रणी रहेगा।

भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय ने इससे पूर्व सदस्यता अभियान के कार्यक्रमों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि जिले का लक्ष्य 3 लाख सदस्य बनाने का है, जो सबके सहयोग से पूर्ण होगा। अभियान के लिए 31 अगस्त को प्रत्येक बूथ पर कार्यशाला होगी। प्रधानमंत्रीजी द्वारा अभियान का शुभारंभ होते ही सभी सदस्य बनने का लक्ष्य रखें। सदस्यता अभियान के प्रभारी जिला महामंत्री निर्मल कटारिया ने कहा कि भाजपा का सदस्यता अभियान निशुल्क है। इसमें अधिक से अधिक लोगों को पार्टी से जोडने का कार्य हर कार्यकर्ता करेगा। मंडल प्रभारी जिला कार्यालय मंत्री मनोज शर्मा ने बताया कि 6 वर्ष बाद सदस्यता फिर लेनी होती है। उन्हें विश्वास है कि रतलाम जिला इस अभियान में पूरे प्रदेश में अव्वल रहेगा।

आरंभ में मंडल अध्यक्ष कृष्णकुमार सोनी ने स्वागत उद्बोधन दिया। अतिथियों ने भाजपा के पितृ पुरुषों एवं भारता माता की तस्वीर पर माल्यार्पण किया। इस दौरान भाजपा जिला कोषाध्यक्ष जयवंत कोठारी, जिला मीडिया प्रभारी अरुण त्रिपाठी, सहप्रभारी निलेश बाफना, मंडल सदस्यता टोली के नितीन तिवारी मंचासीन रहे। संचालन मंडल महामंत्री नंदकिशोर पंवार ने किया, आभार प्रदर्शन मंडल महामंत्री कमल सिलावट द्वारा किया गया।

## मेरा कॉलम



### तू चीज़ बड़ी है मस्त-मस्त

सूरज सिर पर चढ़ आया था, लेकिन ऑफिस में बाबूजी का सिर अभी भी चिंताओं के बोझ से झुका हुआ था। आँखें बंद, माथे पर बल, और मन में हजारों सवाल। दोनों हाथों से सिर को थामे हुए वो कभी एक तरफ तो कभी दूसरी तरफ झुक जाते। तभी पांडे जी की उत्साहित आवाज़ ने ऑफिस का सन्नाटा तोड़ दिया। नमस्ते साहब! पांडे जी ने दरवाज़े से ही अपनी उपस्थिति दर्ज कराई, लेकिन बाबूजी ने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। वे बस अपने सिर को उठाकर पांडे जी की ओर एक नज़र डालते हैं और फिर पुनः अपनी चिंता की मुद्रा में लौट आते हैं। पांडे जी का उत्साह फीका पड़ जाता है, और वे अपनी उंगलियों से माथे की सलवटों को सीधा करने का असफल प्रयास करते हुए बाबूजी के पास चले आते हैं। क्या हुआ साहब? किसी विचार में डूबे हैं या किसी चिंता में? पांडे जी ने थोड़ी सहानुभूति जताते हुए पूछा। बाबूजी ने सिर को उठाया, दोनों हाथों से बालों को यूँ झाड़ा जैसे किसी पुराने विचार को निकाल फेंकना चाहते हों, फिर खड़े होकर कमरे में टहलने लगे। उनकी इस गम्भीर मुद्रा ने पांडे जी को चौंका दिया। पांडे जी अब उत्सुकता से बाबूजी की ओर देखने लगे। काहे का विचार पांडे जी? ये तो इस व्यवस्था ने हमें चिंतन से ही बेदखल कर दिया है। अब तो केवल चिंता ही बाकी रह गई है। बाबूजी की आवाज़ में गहरी निराशा थी। पांडे जी, जो अब तक अपने आप को समस्या का हिस्सा मान रहे थे, अचानक अपने ऊपर से सारे बोझ को उतारते हुए बोले, अरे साहब! हम जैसे कर्मठ कर्मचारियों के रहते आपको परेशान होने की ज़रूरत ही क्या है? बाबूजी ने पांडे जी की ओर देखा, फिर खिड़की की ओर मुड़कर बाहर की ओर ताकने लगे। पांडे जी भी अपने साहब की नकल करते हुए खिड़की से बाहर झांकने लगे।यह ऊँची इमारत की सबसे ऊपरी मंजिल थी, जहाँ से नीचे के कर्मचारी तो छोटे-छोटे खिलौनों की तरह दिखते थे। पांडे जी को लगा कि शायद बाबूजी की चिंता का कारण यही ऊंचाई है। उन्होंने साहस जुटाकर पूछ लिया, साहब, कहीं इस ऊँचाई से नीचे देखने में आपको कोई दिक्कत तो नहीं हो रही? नहीं, पांडे जी, समस्या ये नहीं है। बाबूजी ने ठंडी आह भरी। यहाँ तो सब कुछ ठीक-ठाक चल रहा है, लेकिन नीचे जो हो रहा है, वही चिंता का विषय है। पांडे जी की धड़कनें तेज हो गईं। तो फिर क्या बात है साहब? बाबूजी ने गहरी सांस ली और बोले, पांडे जी, देख रहे हो कितनी भीड़ बढ़ती जा रही है नीचे? अब लोग इतना काम कर रहे हैं कि कार्यालय में जगह ही नहीं बची। पहले तो दो-चार ही आते थे, लेकिन अब हर रोज़ सैकड़ों की संख्या में लोग फाइलें और समस्याएं लेकर आ जाते हैं। कोई घूसखोरी, कोई भ्रष्टाचार, कोई अनुशासनहीनता...। इंसान दिन-रात कार्यालय में समस्या पैदा कर रहे हैं और हमें सारा दिन इनको सुलझाने में लगाना पड़ता है। पांडे जी को समझ में नहीं आ रहा था कि बाबूजी की इस नई समस्या का क्या हल हो सकता है। लेकिन साहब, ये तो हमेशा से होता आ रहा है। फाइलें आती रहती हैं, सिफारिशें होती रहती हैं। इसमें चिंता की क्या बात है? बाबूजी ने गहरी सांस लेकर पांडे जी की ओर देखा, जैसे वो कुछ बहुत महत्वपूर्ण बात बताने वाले हों। पांडे जी, समस्या ये नहीं है कि लोग काम कर रहे हैं। समस्या ये है कि अब काम करने वाले लोग भी ईमानदारी से काम नहीं करते। ये घूसखोरी, भ्रष्टाचार, ये सब कलियुग के लक्षण हैं। अब देखो, हर विभाग में कोई न कोई ऐसे काम में लिप्त है, जो उसे सीधे स्वर्ग पहुंचाने वाला है। और हम यहाँ किसके लिए बैठे हैं? ऐसे ही लोगों की सिफारिशें निपटाने के लिए! पांडे जी, जो अब तक केवल सिर हिला रहे थे, अचानक बोले, साहब, अगर ये लोग इतने महान काम कर रहे हैं, तो फिर समस्या क्या है? उन्हें प्रमोशन दीजिए और स्वर्ग की ओर भेज दीजिए! अरे पांडे जी! बात इतनी आसान होती तो क्या समस्या थी? बाबूजी की आवाज़ में खीझ साफ झलक रही थी। अब समस्या ये है कि कोई भी व्यक्ति पूरा का पूरा अच्छा नहीं है। सबके सब भ्रष्टाचार और झूठ-फरेब में लिप्त हैं। अब किसे प्रमोट करें और किसे नहीं? हर किसी में थोड़ी-बहुत अच्छाई भी है और बहुत सारा बुरा भी। ऐसे में निर्णय लेना मुश्किल हो गया है। पांडे जी अब पूरी तरह से गम्भीर हो गए। उन्होंने बिना एक शब्द बोले, बाबूजी की बात सुनने का निर्णय लिया। और सबसे बड़ी समस्या तो ये है कि जबसे हमारे विभाग में नेताओं का आना शुरू हुआ है, तबसे व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है। ये नेता लोग तो आते ही हड़ताल और धरना करने लगते हैं। किसी को लाल बत्ती चाहिए, किसी को चाय का ठेका। अब बताओ, ऐसे में कैसे काम होगा? बाबूजी ने एक पल के लिए विराम लिया, फिर कोने में रखी पानी की बोतल से गला तर किया। पांडे जी ने पूरी गम्भीरता से पूछा, तो फिर साहब, इसका हल क्या है? बाबूजी ने पांडे जी के कंधे पर हाथ रखा और कहा, अब तुम ही कोई उपाय बताओ, जिससे इन नेताओं को स्वर्ग की बजाय सीधे नर्क में भेजा जा सके, और हमारे महाराजाधिराज का विधान भी बना रहे। पांडे जी ने कुछ देर तक सोचा, फिर बोले, साहब, ये नेता लोग तो सबसे विकट समस्या हैं। इन्हें तो धरती पर भी कोई ठीक से संभाल नहीं पाया है। मेरा सुझाव है कि हमें इन्हें कुछ दिनों के लिए अनदेखा कर देना चाहिए। आप मुझे कुछ दिनों का अवकाश दीजिए ताकि मैं इस समस्या का स्थायी समाधान खोज सकूं। तब तक के लिए, जो आम लोग हैं, उन्हीं को कार्यालय में आने दीजिए। नेताओं को हाथ न लगाइए, वरना समस्या और बढ़ जाएगी। इतना कहकर पांडे जी ने बाबूजी की अनुमति ली, और अपने मनपसंद गाने को गुनगुनाते हुए कार्यालय से बाहर निकल गए। उनकी रिंगटोन तू चीज़ बड़ी है मस्त-मस्त गाते हुए वो तेज़ी से नीचे की ओर भागने लगे, जैसे कोई बड़ी समस्या हल कर दी हो।

### महाविद्यालय में जन्माष्टमी पव के अंतर्गत कार्यक्रम का आयोजन




**जावरा।** स्थानीय भगतसिंह शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय जावरा में दिनांक 26.8.2024 को जन्माष्टमी पर्व पर विविध आयोजन किए गए । महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.ए.जी. पठान ने बताया कि मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के आदेशानुसार महाविद्यालय में व्याख्यान एवं कार्यक्रम आयोजित कराए गए। आपने भारतीय ज्ञान परंपरा के संदर्भ में हमारे गौरवशाली इतिहास के प्रसंगों के आधार पर श्री कृष्ण के विचारों की प्रासंगिकता से सभी को अवगत कराया। आपने कर्मण्ये वाधिका रस्ते मां फलेषु कदाचन को प्रेरक वाक्य बताया। प्रोफेसर ए.पी. पांडे ने योग एवं दर्शन के संबंध में श्रीकृष्ण के विचारों पर प्रकाश डाला।महाविद्यालय की प्रशासनिक अधिकारी डॉक्टर विद्या तिवारी ने श्रीकृष्ण की दार्शनिक चेतना पर अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने बताया कि श्रीकृष्ण प्रवृत्ति एवं निवृत्ति की संयोजना में सचेतन बने रहे। डॉ वीणा झा ने मंत्रों के माध्यम से श्रीकृष्ण की स्तुति की।

# 24 घंटे में जावरा में 5 तो पिपलोदा में 4 इंच हुई बारिश

## पांच दिनों में जावरा में 11 इंच बारिश दर्ज, पीलिया खाल और रोजड़ नदी उफनी

**जावरा/पिपलोदा।**

चार दिन से शहर व आसपास के क्षेत्रों में झमाझम बारिश का दौर चल रहा है। जावरा की पीलिया खाल और पिपलोदा की रोजड़ नदी के साथ आसपास के नदी-नाले उफान पर आ गए। किसानों के चेहरों पर रौनक देखी गई।

पिछले 24 घंटे में सोमवार सुबह 8 बजे तक जावरा में 5 इंच बारिश तहसील कार्यालय में दर्ज की गई तो वहीं पिपलोदा में 4 इंच बारिश हुई। अब तक जावरा में 31 इंच बारिश गिर चुकी है तो वहीं पिपलोदा में 19 इंच बारिश हुई है। देखा जाए तो मात्र पिछले पांच दिनों में ही जावरा में 11 इंच बारिश हुई है। यह बारिश 22 अगस्त से 26 अगस्त के बीच हुई। जावरा में सामान्य बारिश 36 इंच से अब मात्र 5 इंच पीछे है। इधर लंबे अंतराल के बाद इंद्रदेव मेहरबान हुए है। जोरदार बारिश के चलते आखिरकार नगर की रोजड नदी में पानी रपट के ऊपर से निकला। मौसम की पहली नदी का यह नजारा देखने के लिए हर कोई 2 माह से आतुर था लेकिन जिले में पिपलोदा में सबसे कम बारिश होने से



किसानों व आमजन को चिंता सताने लगी थी। सोमवार सुबह तक हुई जोरदार बारिश के चलते बीते 24 घंटे में लगभग 4 इंच वर्षा दर्ज की गई। लगातार हुई बारिश से मौसम में ठंडक घुल गई व किसानों तथा आमजन ने राहत की सांस ली। वर्तमान में चल रहे मानसून सत्र में जिले में सबसे कम बारिश नगर में 470 मिमी दर्ज हुई है। वही गत वर्ष यह 554 मिमी थी जो कि पिछले साल के मुकाबले 84 मिमी अभी भी कम है।

समीपस्थ गांव धामेड़ी के किसान दिलीप पाटीदार, दिनेश पाटीदार, मुकेश गोस्वामी, मुकेश बैरागी आदि किसानों ने बताया कि रोजड़ नदी में पानी आने से इंद्रापुरी गांव पर बना बैराज भी पानी से लबालब भर गया।

जिससे किसानों को रबी की फसलों में लाभ होगा। रोजड़ नदी को देखने के लिए सुबह से ही गांव के किसानों में खासा उत्साह देखा गया। क्योंकि यह इस साल बारिश की पहली नदी है जो ढाई माह बाद किसानों को देखने को मिली। जिससे किसानों के चेहरे खिल उठे। नदी आने से ट्युबवेलों व कुंओं में भी जल स्तर तेजी से बढने लगा है।

## एमपीआरडीसी ने की सडक रिपेयरिंग

**बडावदा।**

मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम द्वारा वर्षा ऋतु में आम नागरिकों को सुलभ एवं सुगम यातायात हेतु सड़क मरम्मत का कार्य युद्धस्तर पर किया जा रहा है। निगम के समस्त मैदानी अधिकारी अपने-अपने आवंटित मार्गो पर मरम्मत का कार्य कर रहे है।

संभाग स्तर से मुख्यालय स्तर तक के अधिकारी मार्गो की सतत निगरानी कर रहे है। वर्षाऋतु में गड्डों को भरने का कार्य निर्बाध रूप से जारी है। एमपीआरडीसी के अधिकारी उज्जैन-रतलाम जिले में मध्य प्रदेश सड़क विकास निगम द्वारा स्टेट हाईवे ैएसएच 26बी और



एसएच 65 उज्जैन-जावरा रोड तथा बडावदा से उज्जैन स्टेट हाईवे रोड पर सडको की मरम्मत तथा रख-रखाव का कार्य युद्धस्तर पर किया जा रहा है। जिसकी रिपोर्ट प्रबंध संचालक को प्रस्तुत की जाएगी।

सामान्यतः सड़कों की मरम्मत एवं रखरखाव का कार्य वर्षा ऋतु उपरांत अक्टूबर माह से प्रारंभ किया जाता है। यह पहला मौका है कि एमपीआरडीसी द्वारा वर्षा ऋतु में भी सड़कों की मरम्मत पेंच रिपेयर का कार्य किया जा रहा है। निगम द्वारा यह कार्य एक अभियान के रूप में किया जा रहा है। इस पहल से क्षेत्र की जनता एवं आम नागरिकों को सुगम एवं सुलभ यातायात उपलब्ध हो रहा है। साथ ही वर्षा ऋतु उपरांत आवश्यक मार्गो पर भी नवीनीकरण का कार्य किया जाएगा।

## धाकड़ धर्मशाला में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव के दौरान झूम उठे श्रृद्धालु

**जावरा।**

श्री चारभुजा नाथ मंदिर सकल पंच धाकड़ समाज कुम्हारी पूरा पिछली ओर द्वारा धाकड़ धर्मशाला में आठ दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत ज्ञान गंगा महोत्सव कथा प्रतिदिन चल रही है।

कथा प्रवक्ता श्रीश्री 1008 गंगागिरी महाराज सांवलियाजी राजस्थान के मुखारबिद्ध से प्रतिदिन 11 से शाम 4 बजे तक कथा का रसपान कराया जा रहा है। वही आचार्य अनिल पंड्या द्वारा सुंदर भजनों की प्रस्तुति दी जा रही है। कथा में जन्माष्टमी पर भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव बडी धूमधाम से मनाया गया,



जिसमें श्री दशरथजी बेड़ियों में जकड़े हुए अपने सिर पर भगवान लल्ला श्रीकृष्ण को उठाकर कथा स्थल पर लाने का चरित्र चित्रण किया गया। इस मौके पर सदस्यों के साथ बडी संख्या में महिलाएं व युवतियां ने कृष्ण जन्मोत्सव के दौरान फूल, रंग, गुलाल से होली खेली। साथ युवतियां व महिलाओं ने धार्मिक भजनों पर जमकर नृत्य किया। कथा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण की आरती कर प्रसादी का वितरण किया। सकल पंच धाकड़ समाज ने धर्मप्रेमी नागरिकों से कथा में शामिल होकर धर्मलाभ लेने की अपील की।

## आचार्य हेमेन्द्र सूरीश्वरजी मसा के 14 वे पुण्योत्सव पर हुए

**जावरा।**

मुनिराज चंद्रयशविजयजी, मुनिराज जिनभद्र विजयजी मसा की निश्रा में आचार्य देवेश श्रीमद् विजय हेमेन्द्र सूरीश्वरजी मसा का 14 वां पुण्योत्सव तीन दिनी धार्मिक आयोजनों के साथ मनाया गया। पुण्योत्सव के अंतर्गत प्रथम दिन भक्तांबर महापूजन जैन मंदिर पिपली बाजार पर आयोजित की। लाभार्थी संघ माता रोशनबाई-जीतमल लुक्कड़ परिवार, द्वितीय दिन गायों का स्वामी वात्सल्य जैन मंदिर पिपली बाजार से मुनिराज के साथ श्रीसंघ के श्रावक-श्राविकाएं गाजते बजाते जीवदया सोसायटी खाचरोद रोड पहुंचे। जहां गायों को विभिन्न प्रकार का आहार करवाया। लाभार्थी त्रिस्तुतिक युवा संघ परिवार रहे। दोपहर में श्री राजेन्द्रसूरी गुरूपद महापूजन जैन मंदिर में पढाई गई। लाभार्थी बाबुलाल, स्व.भंवरलाल, स्व. अनोखीलाल, विरेन्द्र, मुकेश, सुनील खेमसरा परिवार रहे। अंतिम दिन प्रातः 9 बजे गुरू गुणानुवाद सभा, दोपहर में मंदिरजी पर श्री हेमेन्द्रसूरि अष्टप्रकारी पूजन के लाभार्थी डॉ. अशोककुमार, सौरभ, समर्थ मंडलेचा परिवार ने लिया। गुणानुवाद सभा में मोहनखेड़ा तीर्थ ट्रस्टी व पूर्व राज्यसभा सदस्य मेघराज जैन, सुजानमल सेठ, बाबुलाल खेमसरा, नाकोड़ा तीर्थ ट्रस्टी रमेश वर्धन, संजय वाणीगोता, संतोषलाल रतलाम, रमेश वाणीगोता भीनमाल, सुनील



कोठारी नागदा, अभय धारीवाल झाबुआ, जावरा श्रीसंघ के अशोक लुक्कड़, धरमचंद चपडोद, आनंदीलाल संघवी, प्रकाश चोरडिया, राजेश बरमेचा के साथ ही अन्य वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किए।

वक्ताओं ने गुरूदेव के बारे में कहा कि शरीर में कोई भी सुंदरता नहीं होती, सुंदर तो व्यक्ति के कर्म और उनके विचार, वाणी, व्यवहार, संस्कार और उनका चरित्र होता है। उनके जीवन में यह सब कुछ था, गुरूदेव बहुत ही सरल, स्वभाव की प्रतिमूर्ति थे। छोटे से बालक हितांश ओरा ने भी गुरूदेव के प्रति सरलता, सौम्यता, चारित्र पालक जैसे महानगुणों पर आधारित कविता प्रस्तुत की। गुरूदेव के प्रति आस्था में सामूहिक 150 से अधिक आयंबिल तप आराधना व सामायिक का आयोजन हुआ। सभा में जावरा श्रीसंघ के साथ ही बाहर से भी बड़ी संख्या में श्रावक-श्राविकाएं उपस्थित थे।

### होली हनुमानजी तक निकली पैदल यात्रा

**ढोढर ।** रामायण मंडल द्वारा इस वर्ष भी ढोढर स्थित खेड़ापति बालाजी मंदिर से पैदल यात्रा का आयोजन किया। पैदल यात्रा मंदिर से प्रारंभ हुई जो नगर के प्रमुख मार्गो से होती हुई होली हनुमानजी पहुंची, जहां सुंदरकांड का आयोजन कर महाआरती और महाप्रसादी का आयोजन किया गया। पैदल यात्रा में सैकड़ो की संख्या में भक्त उपस्थित हुए। यात्रा का कालुखेड़ा फंटे पर सरपंच जगदीश माली सहित नागरिकों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया।

## भगवान श्रीकृष्ण ने मानव को प्रेम एवं शांति से रहने का दिया संदेश

**जावरा।**

भगवान श्रीकृष्ण ने मानव को प्रेम एवं शांति से रहने का संदेश दिया। वे कभी भी नहीं चाहते थे कि कौरवों तथा पांडवो के बीच युद्ध हो। उन्होंने महाभारत का भी युद्ध टालने का हर संभव प्रयास किया किन्तु यदि किसी का विनाश होना तय हो तो वह महापुरुषों की बात भी नहीं मानता।

यह कहना है चातुर्मास हेतु विराजित जप साधना साधिका, मालव ज्योति अमिपूर्णा श्रीजी मसा का। उन्होने पिपली बाजार जैन मंदिर स्थित श्री खरतरगच्छ उपाश्रय पर आयोजित धर्मसभा



को संबोधित करते हुए कहा कि श्रीकृष्ण महाराजा बांसुरी को हमेशा अपने साथ रखते थे। बांसुरी की चार विशेषताएं होती है। पहली बांसुरी अंदर से बिल्कुल खाली, दूसरी उसमें गांठ नही होती, तीसरी बिना बुलाए नही बोलती तथा चौथी जब भी बोलती है मीठा व मधुर बोलती है। पर्युषण महापर्व के चार दिन पहले श्रीकृष्ण जन्माष्टमी हमें यही संदेश देने के लिए आती है कि हम पर्व की आराधना करने से पहले बांसुरी की तरह अपने मन को काम, क्रोध, मोह, लोभ जैसे विकारों से पूरी तरह खाली कर ले। किसी के प्रति हृदय में कोई गांठ नही रखे। पर्व के दौरान मितभाषी बने,जब भी बोले मधुर बोले तभी हमारा पर्युषण पर्व मनाना सार्थक होगा। इस मौके पर आजादसिंह ढढ्ढा, रमेश जैन, प्रदीप लोढा, ललित जैन, विजय बोरदिया, मदनलाल मेहता, आशीष धारीवाल, मनीष मेहता, अखिलेश ढढ्ढा आदि श्रावक-श्राविकाएं उपस्थित रहे।



**खाचरौद । (ऋतुराज बुड़ावनवाला द्वारा)।** धाकड़ समाज ने बलराम जयंती उत्सव मनाते हुए खाचरौद के प्रमुख मार्गो से चल समारोह व कलश यात्रा निकाली, जिसमे बड़ी संख्या में महिलाओं पुरुषों युवकों युवतियां तथा बच्चों ने सहभागित की। जुलूस में झांकियों के माध्यम से किसानों की व्यथा तथा फसलों के मूल्यों में बढ़ोत्तरी की मांग खाचरौद के धाकड़ समाज की सेना और खेलों में उपलब्धियां , राष्ट्रीय, धार्मिक तथा भगवान की प्रतिमाओं तथा संतों का समावेश था।

# तहसीलदार ने निकाला किसान के खेत में से रास्ता

## पीड़ित किसान ने प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री से शिकायत कर लगाई गुहार

### बुजुर्ग किसान ने कहा- आपसी मिली भगत शासकीय जमीन छोड़ कर मेरे बोवनी किए खेत में से रास्ता निकाल दिया



**खंडवा /मुंदी ।** मुंदी तहसील के अंतर्गत आने वाले एक गांव का किसान अपनी जमीन के बीच में से तहसीलदार मुंदी द्वारा रास्ता निकाल देने के बाद जिम्मेदार अधिकारियो के चक्कर लगाने के बाद अब आखरी उम्मीद लगाकर देश के प्रधानमंत्री, और प्रदेश के मुख्यमंत्री को लिखित शिकायत भेजकर न्याय की गुहार लगाई है।

मामला मुंदी तहसील के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत करौली का है जहां एक बुजुर्ग किसान चंदू पिता किसन उम्र 60साल जाति बलाही ने बताया कि मुझे शासन से सीलिंग एक्ट के तहत 1.81 हेक्टेयर जमीन अपने जीवन यापन के लिए मिली है।जो लम्बे समय से राजस्व रिकार्ड मे मेरे नाम से दर्ज होकर जिस पर मे लंबे समय से काबिज है।

मेरे खेत पड़ोस मे एक परिवार के कुछ लोगो ने रास्ते की मांग को लेकर शिकायत की थी।जिसके बाद मुंदी तहसीलदार वंदना चौहान ने बगैर जांच पड़ताल सुनवाई कर शिकायत का एकतरफा निराकरण करते हुए किसानो को रास्ता दे दिया जिसके बाद पीड़ित किसान असंतुष्ट है किसान चंदू ने बताया कि मुझे सरकार से सीलिंग एक्ट मे जमीन मिली है जिसके सारे दस्तावेज पावती मेरे पास है।पीड़ित किसान का कहना है की तहसीलदार मुंदी की हटधर्मीता सांठगांठ कर ऐसा असहाय गरीब के साथ किया जिसको लेकर जिला कलेक्टर को भी आवेदन देकर न्याय की गुहार लगा चूका हु लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई है।अब देश के प्रधानमंत्री एवं प्रदेश के मुखिया से न्याय की गुहार लगाई है ।

किसान द्वारा बताया गया की पूर्व मे रास्ते के विवाद को लेकर मुंदी तहसीदार आवासिया साहब ने मुझे 3 एकड़ जमीन नापती करके अलग दे दी थी शेष डेढ़ एकड़ जमीन और मेरी लेना है जिस पर दबंगों का कब्जा है फिलहाल तीन एकड़ जमीन जिस पर मे खेती कर रहा हु। किसान ने कहा कि मेरे द्वारा तहसीलदार मेडम से आग्रह किया गया कि मेरी जमीन के बाजु मे 5 एकड़ सरकारी जमीन सरकारी पड़ी है जिस पर गांव के कुछ दबंग लोगो का कब्ज़ा है वहां से रास्ता निकाल देवें पर विडंबना मेरी एक नहीं सुनी और मुझे डराया धमकाया।

शासकीय जमीन से रास्ता निकाल दो लेकिन उन्होंने मेरी जो 3 एकड़ जमीन पर खेती कर रहा हूं। जिस पर दोनों और रास्ता निकाल दिया। जबकि जिस पर मे अपने दैनिक जीवन के गुजर बसर रोजी रोटी मेहनत करके अपना जीवन यापन कर रहा था । बोवनी हुई फसल जिसमें से ही रास्ता निकाल दिया।? पीड़ित किसान ने पूरे मामले में जांच कर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

### इनका कहना है

इस प्रकार का कोई मामला मेरे संज्ञान मे नहीं है।

**शिवम प्रजापति**

# पोद्दार इंटरनेशनल स्कूल में हर्षोल्लास से मनाया श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व

खंडवा। पोद्दार इंटरनेशनल स्कूल खंडवा में भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव बड़ी धूमधाम और भक्ति भाव से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल की प्राचार्या सुश्री समीरा बख्त द्वारा किया गया। माखन, मिश्री का भोग लगाकर भगवान श्री कृष्ण का पालना झूलाया गया।




तत्पश्चात भगवान श्रीकृष्ण की आरती की गई। स्कूल की नर्सरी कक्षा की छात्रा गीतांशी काले ने बाल गोपाल का स्वरूप धारण कर सबका मन मोहा। संस्था के नन्हे-मुन्ने छात्र-छात्रा श्रीकृष्ण और श्री राधा रानी की पारंपरिक, आकर्षक वेशभूषा में शाला आए। वहीं, अन्य कक्षाओं के विद्यार्थियों ने मनमोहक प्रस्तुतियां दी। स्कूल की प्राचार्या सुश्री समीरा बख्त ने श्रीकृष्ण के जीवन दर्शन के संबंध में अपने विचार रखते हुए कहा कि श्रीकृष्ण की तरह हमारे जीवन में भी कर्म की प्रधानता हो।

इस अवसर पर कक्षा नौवी और दसवीं के छात्रों द्वारा दही हांडी सामूहिक रूप से पिरामिड बनाकर फोड़ी गई। कार्यक्रमों की प्रस्तुति छात्र-छात्राओं और शिक्षिकाओं के माध्यम से दी गई। जिसमें छात्र-छात्राओं ने नृत्य, भक्तिमय भजन, सस्वर कविताओं का पाठ किया। साथ ही शिक्षक - शिक्षिकाओं ने भी सुरमई भजनों को प्रस्तुति दी। छात्रों के द्वारा मटकी फोड़, भजनों की अंताक्षरी तथा श्रीकृष्ण के जीवन पर आधारित प्रश्नोत्तरी का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम के अंत में पंजरी भोग प्रसाद वितरण किया गया ।

# अखिल भारतीय रेडियो श्रोता सम्मेलन बुलढाणा संपन्न

## दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, बिहार, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल, राजस्थान, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ एवं महाराष्ट्र के श्रोता हुए शामिल

**खंडवा (निप्र)** अखिल भारतीय रेडियो श्रोता सम्मेलन इस वर्ष का महाराष्ट्र राज्य के बुलढाणा शहर में संपन्न हुआ । दिनांक 24 एवं 25 अगस्त को यह सम्मेलन संपूर्ण भारत के विभिन्न राज्यों से आए श्रोताओं की शानदार उपस्थिति के साथ संपन्न हुआ । मध्यप्रदेश रेडियो श्रोता कल्याण समिति के श्रवण सिंह गिन्नारे एवं आनंद जोशी ने बताया कि इस दो दिवसीय कार्यक्रम का आरंभ मां सरस्वती के पूजन अर्चन एवं द्वीप प्रज्वलित कर बुलढाणा आयोजन समिति के सदस्यों द्वारा किया गया । सरस्वती वंदना और स्वागत गीत महाराष्ट्र एकेडमी के सांस्कृतिक कलाकारों ने प्रस्तुत की, उपरांत सभी राज्यों से आए श्रोताओं का परिचय दिया गया । सम्मेलन के प्रथम दिवस का आरंभ अपरान्ह 3 बजे हुआ । संध्यकालीन सत्र की अध्यक्षता मध्यप्रदेश के नेपानगर से सुदर्शन शाह (बुलढाणा आयोजन समिति के सांस्कृतिक समिति अध्यक्ष) ने की ।

भजन-गीत- गज़ल के रंगारंग कार्यक्रम में मध्यप्रदेश खंडवा के योगेश गुजराती, दुर्गा प्रसाद सैनी बड़वाह से प्रवीण श्रीमाली, महाराष्ट्र से प्रशांत गोठाने,सनावद से बाबूलाल चौधरी, शेख मूसा, विजय सोनी,जलगांव आकाशवाणी के कलाकार आदि ने अपनी सुरमयी प्रस्तुतियां दी । द्वितीय दिवस का आरंभ स्वल्पाहार पश्चात सुबह 11 बजे से छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ श्रोता राष्ट्रपति पुरूस्कार प्राप्त परसराम साहु द्वारा किया गया । सर्वप्रथम इस वर्ष दिवंगत रेडियो श्रोताओं दो मिनट का मौन रख श्रद्धांजलि दी गई ।महाराष्ट्र सांस्कृतिक समिति की बालिकाओं ने स्वागत गीत के साथ कई देशप्रेम से ओतप्रोत नृत्य प्रस्तुतियां दी । संबोधन सत्र में मध्यप्रदेश रेडियो श्रोता कल्याण समिति के अध्यक्ष श्रवण सिंह गिन्नारे ने श्रोताओं को संबोधित करते हुए देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की रेडियो पर प्रसारित ÷मन की बात÷ का उल्लेख करते हुए वर्तमान में आकाशवाणी केन्द्र से प्रसारित मनोरंजक और उद्देश्य पूर्ण कार्यक्रमों को बंद करने से जो श्रोता बिरादरी में आक्रोश पनप रहा है इसको लेकर पोस्ट कार्ड अभियान चलाकर वर्तमान केन्द्र मंत्रालय निदेशक नाम जारी करने का आव्हान किया । विभिन्न राज्यों से आए एक एक प्रतिनिधि को संबोधन के लिए अवसर प्रदान किया गया । खंडवा आकाशवाणी के असीम कैथवास, भोपाल की ममता सिंह का बधाई संदेश ऑनलाइन मोबाइल से सीधे मंच पर सुनाया गया ।जगदलपुर आकाशवाणी केन्द्र से कई उद्घोषकों ने इस सम्मेलन में शिरकत की । मध्यप्रदेश खंडवा से वरिष्ठ रेडियो श्रोता विजय महोबिया,रफिक पँवार को मंच से सम्मानित किया गया । कार्यक्रम का संचालन आकाशवाणी केन्द्र छत्तीसगढ़, खंडवा और जलगांव के उद्घोषकों द्वारा किया गया ।

# श्री गणेश गौशाला में मनाया गया गौ-रक्षाबंधन पर्व

**खंडवा** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर परंपरा अनुसार इस वर्ष भी गौ रक्षा का संकल्प लेते हुए श्रीगणेश गौशाला में समिति सदस्यों, नगरजन, गौभक्तों एवं मातृ शक्ति द्वारा बगलामुखी धूमावती पीठ भंडारिया के महंत गजानंद दास जी के सानिध्य में गौ-रक्षाबंधन पर्व मनाया गया । इस अवसर पर सर्वप्रथम भगवान गणेश, भगवान कृष्ण एवं भगवान शंकर की पूजा कर उन्हें रक्षासूत्र अर्पित कर नैवेद्य लगाया गया । इसके पश्चात समस्त उपस्थित जन ने गौशाला के गोवंश को राखी बांधी तथा गोवंश की रक्षा का संकल्प लिया । इस अवसर पर गौशाला समिति के सचिव रामचंद्र मौर्य, भूपेंद्र सिंह चौहान, प्रदीप शर्मा, सुनिल जैन, राकेश मालवीया, पंडित चंद्रशेखर शर्मा, मयूर सातभाई, राजू जोशी, शशांक दराडे, पंकज अग्रवाल, मुकेश दरबार, रामसिंह सहित बड़ी संख्या में गौभक्तजन उपस्थित रहे । यह जानकारी गौशाला समिति के भूपेन्द्र सिंह चौहान ने दी ।

# श्री कृष्ण के जीवन से प्रेरणा लेकर पर्यावरण संरक्षण में अपनी भूमिका निभाएं

**खंडवा।** श्री कृष्ण जी ने ग्रामीण जन एवं पशु धन की रक्षा के लिए पर्वत को उठा लिया एवं अत्यधिक वर्षा से सब की सुरक्षा की। हमें कोई ऐसा आचरण नहीं करना चाहिए जिससे मुक पशुओं को एवं पर्यावरण को नुकसान पहुंचे।



यह प्रेरक प्रबोधन शिक्षक एवं साहित्यकार आनंद कुमार जैन ने शासकीय मोतीलाल नेहरू विद्यालय में विद्यार्थियों एवं शिक्षक साथियों को संबोधित करते हुए कहे। आपने आगे कहा पॉलिथीन में कभी भी खाद्य पदार्थ रखकर उसे सड़क पर ना फेक।

इसे पशुधन, पॉलिथीन सहित खा लेता है ।कालांतर में पशुधन के प्राण संकट में आ जाते हैं। पॉलिथीन के उपयोग से सर्वथा दूर रहे। यदि यह संभव नहीं हो तो उचित और बुद्धिमत्ता पूर्ण उपयोग करें। श्री कृष्ण जी गुणग्रही दृष्टि के थे वे अवगुण के स्थान पर गुण देखते थे ।प्रत्येक विद्यार्थियों को गुणग्रही दृष्टि रखना चाहिए एवं सकारात्मक दृष्टिकोण बनाना चाहिए।

इस अवसर पर विद्यार्थियों के साथ-साथ स्टाफ ने भी मटकी फोड़ प्रतियोगिता में सहभागिता की।कृष्ण जी पर आधारित गीतों को गया ।श्री कृष्ण जी एवं राधा का भेष धारण किया। इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य रुबिया अली, उमा मालवीय, रेखा श्रीवास्तव, साधना सोनी ,दुर्गा गंगराड़े, भावना लाड़, रजनी महोदय उमा भाटे सहित विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

# मुख्यमंत्री के आदेश पर खंडवा की स्कूलों में भी मनाया गया जन्माष्टमी पर्व

**खंडवा।** भारत वर्ष में गुरु शिष्य परंपरा के प्रणेता भगवान श्री कृष्ण थे, भगवान कृष्ण के प्रसंग जीवन जीने की कला सिखाते हैं,उक्त विचार जिला शिक्षा अधिकारी पी. एस. सोलंकी श्री रायचंद नागड़ा शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय खंडवा मध्यप्रदेश शासन स्कूल शिक्षा विभाग के निर्देशों के पालन में आयोजित श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के कार्यक्रम में व्यक्त किए इन्होंने कहा कि भगवान श्री कृष्ण का यह संदेश सबके लिए है कि हमें कर्म करना चाहिए और फल की चिंता नहीं करना चाहिए। समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव के निर्देशों पर शासकीय कार्यालय में भी जन्माष्टमी का पाव बनाने की आदेश के तहत शासकीय स्कूलों में भी कार्यक्रम आयोजित किए गए इसी कड़ी में रायचंद नागडा शासकीय उच्चतर हेलो हां विद्यालय में भी जन्माष्टमी पर्व मनाया गया कार्यक्रम में उपस्थित ए डी पी सी रमसा संगीता सोनवाने ने विद्यार्थियों को भगवान श्री कृष्ण के शंख पाञ्चजन्य के संबंध में बताया इस अवसर पर इको क्लब के नोडल अधिकारी संदीप जोशी ने कहा की भगवान श्रीकृष्ण ने हमे पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों को मध्य प्रदेश में भगवान श्री कृष्ण से जुड़े महत्वपूर्ण स्थानों के बारे में जानकारी दी। संस्था की शिक्षिका रजनी दुबे ने श्रीकृष्ण जी की बांसुरी की विभिन्न विशेषताओं के पहलू से अवगत कराया। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुति, मटकी फोड़,भजन की प्रस्तुति जैसे आयोजन किए गए ।



# सिंगाजी पावर परियोजना फेस वन स्विच यार्ड में शाट सर्किट से एक व्यक्ति करंट में झुलसा

**खंडवा /मुंदीं।** संत सिंगाजी पावर परियोजना में काम के दौरान एक कर्मचारी करंट लगने से झुलस गया जिसे तत्काल उपचार के लिए जिला चिकित्सालय रेफर किया गया जहां उसका उपचार चल रहा है और खतरे से बाहर बताया जा रहा है।? जानकारी के अनुसार सिंगाजी परियोजना में फेस वन के स्वीच यार्ड में इलेक्ट्रिकल कर्मचारी जो विनायक कंपनी का है अर्थिंग जोड़ने वक्त ब्रेकर फट गया और वह करंट की चपेट में आ गया घटना करीब 10-30 बजे की बताई जा रही है । काम करने इलेक्ट्रिकल कर्मचारी का नाम रोहित मोगरे पिता जालम सिंह जलकुआ निवासी उम्र 24 वर्ष बताई जा रही है। घटना की जानकारी अन्य काम कर रहे साथियों ने दी। पूरे मामले की खबर लगते ही पावर परियोजना के सुरक्षा अधिकारी व संबंधित अधिकारी कर्मचारी ठेकेदार मौके पर पहुंचे। वहीं बीड़ चौकी प्रभारी राधेश्याम मालवीय ए एस आई ज्ञान सिंह गौड़ स्थानीय पुलिस भी मौके पर पहुंची और घायल आशीष को जिला चिकित्सालय ले जाकर इलाज शुरू कराया बीड़ पुलिस कहना है कि घटना घटित जिसमें व्यक्ति करंट की चपेट में आकर झुलस गया है सभी पहलुओं पर जाच कर रहे पुलिस द्वारा पीड़ित पक्ष के बयान ले लिए हैं।

# जन्माष्टमी पर गीत,कविता, भजन संध्या का आयोजन

**खंडवा।** सद्भावना मंच द्वारा भजन,गीत,कविता,संगीतके साथ बांके बिहारी लाल को नमन कर याद किया गया। गायको द्वारा एक से बढ़कर एक कृष्ण भगवान के भजन एवं गानों की प्रस्तुति से वातावरण भक्तिमय हो गया।

इस अवसर पर गायक सुनील सोमानी, विजया द्विवेदी, राजेश खांडे,संजय मुदिराज, लखमीचंद लड्डू भैया, मनोज मगरे, मुकेश गांव शिंदे, कैलाश शर्मा, दिलीपगंगराड़े, अशोकपारवानी,अर्जुन बुंदेला,धीरज नेगी आदि ने कराओके पर भजन एवं गाने प्रस्तुत किया साथ ही मंच संस्थापक प्रमोद जैन,आनंद तोमर,सुरेंद्र गीते गणेश भावसार,ललित चौरे, राधेश्याम शाक्य, सुभाष मीणा, योगेश भावसार, तथा अन्य मौजूद थे।



# पंडित शिवकुमार चवरे की स्मृति समारोह अंतर्गत व्याख्यान एवं नाट्य मंचन का आयोजन 28 अगस्त को

**खंडवा ।** साहित्य अकादमी मध्य प्रदेश संस्कृति परिषद मध्य प्रदेश शासन संस्कृति विभाग द्वारा डॉ विकास दवे के निर्देशन में पंडित शिवकुमार चौरे स्मृति समारोह व्याख्यान एवं नाट्य मंचन का आयोजन 28 अगस्त को आयोजित होगा, समाजसेवी व कला प्रेमी सुनील जैन ने बताया कि संस्कृति विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में व्याख्यान के साथ ही शिवकुमार चवरे द्वारा रचित नाट्य मंचन तमसा-तट की प्रस्तुति आयोजित होगी, व्याख्यान में नव गीतकार अशोक गीते समाजसेवी रविंद्र महोदय इंदौर, लेखक एवं रंग कर्मी अक्षय कुमार चवरे का व्याख्यान होगा।

व्याख्यान की अध्यक्षता वरिष्ठ समाजसेवी राजेश डोंगरे द्वारा की जाएगी, 28 अगस्त बुधवार को सिविल लाइन स्थित रविंद्र भवन किशोर सभागृह में शाम 7-00 व्याख्यान के साथ ही तमसा तक नाट्य का मंचन निदेशक राजेंद्र चावड़ा प्रस्तुति रंग उत्सव उज्जैन की रहेगी, आयोजित कार्यक्रम में नट निमाड़ कला समूह खंडवा बालिका कला मंदिर का सहयोग रहेगा संयोजक संतोष तिवारी रहेंगे एवं संचालन प्रफुल्ल मंडलोई द्वारा किया जाएगा, नट निर्माण कला समूह के शरद जैन ने सभी शहर वासियों से व्याख्यान एवं नाट्य मंचन के कार्यक्रम में उपस्थित होने का अनुरोध किया है ।

## प्रजा का हाल जानने निकले भगवान् ओंकारेश्वर..



**ओंकारेश्वर।** ओकार पर्वत की परिक्रमा कर वापस श्रीजी मंदिर पहुंचे मंदिर परिसर में सलामी दी गई परंपरा के अनुसार, भादो सोमवार पर भगवान ओंकारेश्वर में सवार होकर नौकाविहार पर निकलें पश्चात ओकार पर्वत की परिक्रमा कर वापस श्री जी मंदिर पहुंचे जन्माष्टमी की छुट्टी होने के कारण एवं जन्माष्टमी पर्व होने के कारण श्रद्धालु भी अत्यधिक संख्या में भगवान के दर्शन कर पुण्य अर्जित करने के लिए बहुत अधिक संख्या में आए थे तीर्थनगरी में सोमवार को सुबह से दर्शन-पूजन उपरांत दोपहर में भोग आरती के बाद भगवान को दूल्हे की तरह सजाया गया दोपहर 2 :30 बजे मंदिर से भगवान ओंकारेश्वर पालकी पर सवार होकर कोटीतीर्थ घाट पहुंचें। यहां पंडित राजराजेश्वर दीक्षित के आर्चायरत में भगवान का पूजन और अभिषेक किया गया। सोमवार की सुबह 9 बजे से भगवान ओंकारेश्वर को सीधे जल और फूल चढ़ाने पर प्रतिबंध लगा दिया गया एवम् वीआईपी दान दर्शन भी बंद कर दिए। नाव संचालन और वीआइपी दर्शन भी प्रतिबंधित रहा ।

## ओंकारेश्वर के ओकार पर्वत परिक्रमा पहुंचे बाबा भोलेनाथ प्रजा के जान हाल-चाल

**ओंकारेश्वर ( नि प्र )।** तीर्थ नगरी ओमकारेश्वर में उम्र आस्था का सैलाब15 अगस्त के बाद सेश्रद्धालुओं का तीर्थ नगरी मेंआगमन तेजी से बड़ा है प्रतिदिन30 से 40 हजार श्रद्धालु लंबी-लंबी लाइन में रिमझिम बरसा के बीच दर्शन लाभ ले रहे हैं श्रावण के सभी सोमवार निकलने वाली ममलेश्वर महादेव की सवारी श्रावण के बाद नहीं निकाल गई परंपरागत अनुसार ज्योतिर्लिंग मंदिर के निकलने वालीपालकी ने सोमवार कोओंकार पर्वत की 7 किलोमीटर लंबी यात्रा भक्तों के साथ की रिमझिम रिमझिम बरसात के बीच घिरक धिरक कर शिव भक्त नाच रहे थे सोमवार की सुबह चार बजे से मंदिर दर्शन करने वाले श्रद्धालुओं के लिए खोल दिया गया सुबह से ही श्रद्धालुओं की लंबी लंबी लाइन लगी मंदिर को फूलों से सजावट की गई । भादो सोमवार भी मंदिर और पालकी यात्रा में भारी संख्या में श्रद्धालु बोल बम जय भोलेनाथ का उदघोष का रहे थे दोपहर 2:30 बजे भगवान की रजत प्रतिमा के साथ फूलों से सजी पालकी को सलामी के बाद कोटि तीर्थ घाट पर भगवान का पूजा अभिषेक कर ओकार पर्वत की परिक्रमा हेतु भोलेनाथ के जय घोष बम बम भोले जय शिव के जय घोष के भगवान ऋण मुक्तेश्वर मंदिर में भगवान का पंचामृत से अभिषेक किया गया मंदिर के ट्रस्टी पंड़ित आशीष दीक्षित के अनुसार, भादो के सोमवार को भगवान का पंचामृत एवम् नर्मदा जल से अभिषेक कोटि तीर्थ घाट पर पंडित राज राजेश्वर द्वारा वैदिक मंत्रों के साथ किया गया श्रद्धालुओं में भी खासा उत्साह देखा गया।

## पंडित शिवकुमार चवरे की स्मृति समारोह अंतर्गत व्याख्यान एवं नाट्य मंचन का आयोजन 28 अगस्त को

**खंडवा ।** साहित्य अकादमी मध्य प्रदेश संस्कृति परिषद मध्य प्रदेश शासन संस्कृति विभाग द्वारा डॉ विकास दवे के निर्देशन में पंडित शिवकुमार चौरे स्मृति समारोह व्याख्यान एवं नाट्य मंचन का आयोजन 28 अगस्त को आयोजित होगा, समाजसेवी व कला प्रेमी सुनील जैन ने बताया कि संस्कृति विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में व्याख्यान के साथ ही शिवकुमार चवरे द्वारा रचित नाट्य मंचन तमसा-तट की प्रस्तुति आयोजित होगी, व्याख्यान में नव गीतकार अशोक गीते समाजसेवी रविंद्र महोदय इंदौर, लेखक एवं रंग कर्मी अक्षय कुमार चवरे का व्याख्यान होगा, व्याख्यान की अध्यक्षता वरिष्ठ समाजसेवी राजेश डोंगरे द्वारा की जाएगी, 28 अगस्त बुधवार को सिविल लाइन स्थित रविंद्र भवन किशोर सभागृह में शाम 7:00 व्याख्यान के साथ ही तमसा तक नाट्य का मंचन निदेशक राजेंद्र चावड़ा प्रस्तुति रंग उत्सव उज्जैन की रहेगी, आयोजित कार्यक्रम में नट निमाड़ कला समूह खंडवा बालिका कला मंदिर का सहयोग रहेगा संयोजक संतोष तिवारी रहेंगे एवं संचालन प्रफुल्ल मंडलोई द्वारा किया जाएगा, नट निर्माण कला समूह के शरद जैन ने सभी शहर वासियों से व्याख्यान एवं नाट्य मंचन के कार्यक्रम में उपस्थित होने का अनुरोध किया है ।

## श्याम तेरे मिलने का सत्संग ही बहाना है, खंडवा में ढूंढा तुझे हिंदू बाल सेवासदन में पाया है : स्वामी गजेंद्र चैतन्य

**खंडवा।** हिंदू बाल सेवा सदन स्कूल में जन्माष्टमी पर्व मनाया गया इस अवसर पर स्वामी गजेंद्र चैतन्य ने कहा कि, हमें कृष्ण से दोस्ती, और कृष्ण की भक्तों के साथ , प्रेम सीखना चाहिए अध्यक्ष विनय नेगी ने सभी का स्वागत किया , वीरेंद्र वर्मा ने सभी को, कृष्णभगवान के विभिन्न स्वरूप के बारे में बताया, अनिल बाहेती ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों से बच्चों को सीखने को मिलता है शशिकांत तिवारी ने सभी को बधाइयां दी माया भंसाली ज्योति राठौड़ ज्योति मालविया श्रीमति सोनीने , भजनों की , प्रस्तुति दी, बच्चों ने भजन एवं जानकारी का आनंद लिया इस अवसर पर अन्य शिक्षक ,शिक्षिकाऐ भी उपस्थित थे कार्यक्रम का संचालन अनिल बाहेती किया.

## धार्मिक अध्ययन - अध्यापन का सम्मान

**नागदा जं. निप्र।** श्री शान्तिनाथ जिनालय जैन कालोनी में सोमवार को श्री राजेंद्र सूरि जैन ज्ञान मन्दिर न्यास द्वारा धार्मिक अध्ययन–अध्यापन का सम्मान समारोह रखा गया। जिसमें धार्मिक संस्कारों के बीजारोपण के लिये धार्मिक अध्ययन के महत्व को समझते हुवे कवि मनोहरलाल कांठेड़ परिवार द्वारा पुत्र रवि कांठेड़ के जन्मदिन के उपलक्ष्य मे धार्मिक पाठशाला के बच्चों को पुरुस्कृत किया गया।

जिसमें जिन बच्चों को पंचप्रतिक्रमण, दो प्रतिक्रमण, वन्दितु सूत्र व मन्दिर की विधि आदि याद थी उनका एंव प्रतिदिन पाठशाला में आने वाले कुल 31 बच्चों का बहुमान लाभार्थी परिवार, ट्रस्टीगण व श्रेणिकमल लोढा द्वारा किया गया। वर्तमान पीढी को धर्म से जोडने के लिए धर्म गन्थो का अध्यापन करा रही अध्यापिका श्रीमती कोमल बेन चौधरी का सेवाभाव के लिये आभार व्यक्त कर बहुमान किया गया। इस सुकृत्य में सहयोगी प्रकाश चौधरी का भी शाल, श्रीफल, माला से बहुमान किया गया। सम्मान समारोह मे ब्रजेश बोहरा, दिनेश चोरड़िया, निलेश पगारिया, दिलीप गादिया, रमेश बोहरा, प्रमोद कोठारी, पकंज लोढा, रिषभ बोहरा आदि उपस्थित थे।

# माहेश्वरी समाज खण्डवा ने बनाई बाबा अमरनाथ की झांकी

## जन्माष्टमी पर सत्यनारायण मन्दिर को सजाया 81 हजार रुद्राक्ष से, रुद्राक्ष से बने शिवलिंग पर लगा शेल्फ़ी लेने वालों का तांता



**खण्डवा।** माहेश्वरी समाज खण्डवा द्वारा संचालित अति प्राचीन श्री सत्य लक्ष्मी नारायण मंदिर में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी श्री कृष्ण जन्माष्टमी महापर्व भव्यता के साथ दिनांक 26 अगस्त सोमवार को मनाया गया।

माहेश्वरी पंचायत अध्यक्ष नारायण बाहेती व सचिव विजय राठी ने बताया की मंदिर व माहेश्वरी भवन में प्रतिवर्ष अलग-अलग थीम पर आकर्षक झांकी के साथ ही भव्य विद्युत सज्जा और सजावट की जाती है।इस वर्ष बाबा अमरनाथ का दरबार सजाया गया । बर्फ की शिलाओं से विशाल शिवलिंग बनाया गया। जन्माष्टमी पर्व पर मन्दिर परिसर को हजारों रुद्राक्ष से सजाया गया।रुद्राक्ष से बना शिवलिंग आकर्षण का केंद्र रहा। शिवलिंग,बाबा अमरनाथ व रुद्राक्ष से बनी आकृतियों की सजावट को देखकर लोग मंत्रमुग्ध हो गए।हजारों की संख्या में पधारे भक्तजन शेल्फ़ी ,फ़ोटोग्राफी व वीडियो बनाने पर विवश हुए।भव्य सजावट में माहेश्वरी युवा संगठन का विशेष सहयोग रहा। शाम से ही दर्शनार्थियों की भारी भीड़ रही जो देर रात तक चलती रही। राजस्थान से लाई गई लड्डू गोपाल की 250 किलो की मार्बल की मूर्ति ने सभी का मन मोह लिया । मन्दिर के गर्भ गृह को विभिन्न प्रकार के प्राकृतिक फूलों से सजाया गया। भगवान की प्रिय प्रसादी माखन मिश्री व जन्माष्टमी की विशेष प्रसादी पंजेरी व पंचामृत शाम से सी वितरण प्रारम्भ किया जो देर रात तक चलता रहा ।इस वर्ष सजीव झांकी में अर्णव बाहेती व पर्ण कचोलिया भगवान शंकर के स्वरूप में रहे। अनेको बालक बालिकाएं कृष्ण बनकर आये।पंडित लक्ष्मीदत्त दाधीच व पंडित अमित दाधीच द्वारा प्रातः पंचामृत से भगवान का अभिषेक किया गया। सांयकाल श्रंगार दर्शन व सायंकाल 7 नजे श्रंगार आरती हुई। रात्रि 12 बजे जन्म आरती में सैकड़ो दर्शनार्थी उपस्थित रहे। जन्माष्टमी पर्व की विशेष सजावट में नारायण बाहेती, विजय राठी, युवा संगठन अध्यक्ष प्रियांश काकाणी,कोषाध्यक्ष केशव बाहेती,मण्डल अध्यक्ष दीपक धूत,सचिव सन्तोष राठी,भगवान लड्ढा,हर्ष बाहेती, अभिषेक कचोलिया, अर्पित बाहेती,देवांश काकाणी,सुरेन्द्रसिंह सोलंकी,अमित दाधीच,विष्णु बाहेती, मुकेश झंवर,राजेश जैथलिया,तनय मुंदड़ा,सुनील बाहेती,मनीष काबरा,अनिल बाहेती, हेमन्त मुंदड़ा,मनीष हूरकट,गोपाल बाहेती,रानू लाला,केशव शर्मा,मोहित फूलमाली, राजेश राठौर,अजयसिंह चौहान व श्री सत्य लक्ष्मी नारायण माहेश्वरी पंचायत ट्रस्ट,माहेश्वरी मण्डल,माहेश्वरी युवा संगठन, माहेश्वरी महिला संगठन का सहयोग रहा।नारायण बाहेती ने सभी सहयोगियों का आभार माना।

# ठाकरे जी के आदर्शों से प्रेरणा लेकर आगे बढ़ रहा प्रत्येक कार्यकर्ता- श्री विष्णुदत्त शर्मा

**भोपाल, शाहबाज़ अली।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा एवं प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद जी ने सोमवार को भारतीय जनता पार्टी के पितृपुरूष श्रद्धेय कुशाभाऊ ठाकरे की जयंती पर कुशाभाऊ ठाकरे अंतर्राष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर स्थित उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने घोषणा की कि भोपाल के श्रद्धेय कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन हॉल में उनके जीवन को दर्शाने के लिए एक गैलरी स्थापित की जाएगी वहीं, धार में उनकी स्मृति में संगठन की मंशानुसार स्मारक बनाया। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि पार्टी में संगठन की पद्धति को कैसे बढ़ाया जा सकता है यह काम श्रद्धेय कुशाभाऊ ठाकरे ने शुरू किया। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा एवं प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद जी ने कुशाभाऊ ठाकरे की जयंती पर भदभदा विश्राम घाट के समीप स्थित उनकी प्रतिमा और भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यालय में भी उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया।

### ठाकरे जी ने भगवान श्रीकृष्ण के आदर्शों को जीवन में उतारा-



### डॉ.मोहन यादव

मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने कहा कि आज जन्माष्टमी का त्योहार मनाया जा रहा है। श्रद्धेय कुशाभाऊ ठाकरे जी ने भगवान श्रीकृष्ण के कई आदर्शों को अंगीकार कर अपने जीवन में शामिल किया। देश में सुशासन के लिए प्रजातंत्र की स्थापना के लिए जिन नेताओं ने राष्ट्रभक्तों का आह्वान किया उनमें श्रद्धेय कुशाभाऊ ठाकरे जी भी शामिल रहे। जनसंघ से लेकर भारतीय जनता पार्टी संगठन तक एक-एक कार्यकर्ताओं को बढ़ाने का काम करने के साथ संबल प्रदान किया। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने कहा कि कुशाभाऊ ठाकरे जी को कभी भी भुलाया नहीं जा सकता उनका जीवन हमारे लिए सदैव प्रेरणा की पूंजी रहेगा। मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने कहा कि केरल और त्रिपुरा में बरसात के कारण आई बाढ़ से भारी नुकसान हुआ है। दोनों जगहों पर राज्य सरकार की तरफ से आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी।

### ठाकरे जी के आदर्शों से प्रेरणा लेकर आगे बढ़ रहा प्रत्येक कार्यकर्ता- विष्णुदत्त शर्मा

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि श्रद्धेय कुशाभाऊ ठाकरे जी ऐसे व्यक्तित्व थे, जिन्होंने एक कार्यकर्ता, आदर्श कार्यकर्ता कैसा हो सकता है उस पर मेहनत और परिश्रम किया। ठाकरे जी ने कार्यकर्ताओं को गढ़ने का काम केवल मध्यप्रदेश में ही नहीं,बल्कि पूरे देश में किया। जनसंघ से लेकर भारतीय जनता पार्टी 1980 में जब बनी उसके बाद उन्होंने पार्टी को एक कैडर बेस्ड ऑर्गेनाइजेशन बनाने में अहम भूमिका निभाई। प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने कहा कि ठाकरे जी ने भारतीय जनता पार्टी को कार्यकर्ता आधारित दल बनाया। राजनीति में सुचिता के साथ रहकर कैसे आगे बढ़ा जा सकता है, कार्यकर्ताओं में इस गुण को विकसित करने की पद्धति को स्थापित किया। सत्ता में रहकर अपने संगठन को सुचिता के भाव के साथ कैसे चलाया जा सकता है, इसका उदाहरण देश भर में देकर पद्धति को विकसित किया। ठाकरे जी ने आजीवन सहयोग निधि के माध्यम से संगठन को आत्मनिर्भर बनाने का काम किया। मध्यप्रदेश भारतीय जनता पार्टी का एक-एक कार्यकर्ता श्रद्धेय ठाकरे जी के आदर्शों पर चलते हुए उनकी सुचिता की राजनीति से प्रेरणा लेकर आगे बढ़ रहा है। कुशाभाऊ ठाकरे अंतर्राष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर स्थित प्रतिमा पर प्रदेश शासन के मंत्री विश्वास सारंग, कृष्णा गौर, वरिष्ठ नेता सुरेश पचौरी, पार्टी की प्रदेश उपाध्यक्ष व सांसद आलोक शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष सीमा सिंह जादौन, पंकज जोशी, पार्टी के प्रदेश महामंत्री व विधायक भगवानदास सबनानी, विधायक रामेश्वर शर्मा, महापौर मालती राय, पार्टी के प्रदेश मंत्री राहुल कोठारी, प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष उषा अग्रवाल, पूर्व सांसद आलोक संजर, प्रदेश प्रवक्ता डॉ. हितेष वाजपेयी, जिला अध्यक्ष सुमित पचौरी, प्रदेश प्रवक्ता सुश्री नेहा बग्गा, हिरेन्द्र बहादुर सिंह, एस.एस.उप्पल एवं अजय सिंह यादव सहित पार्टी के प्रदेश व जिला पदाधिकारी एवं कार्यकताओं ने भी पुष्पांजलि

# चालीसवां पर निकलेगा ताजियों का कारवां, मैदान-ए-कर्बला में बहते अश्क विदाई की रस्म अदा करेंगे



**नागदा जं. निप्र।** मालवा क्षेत्र में अपनी अलग ही पहचान रखने वाले चेहल्लुम पर नागदा में चल समारोह को देखने के लिए शहर के साथ-साथ आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में धर्मावलंबी यहां पहुंचें। योमे आशुरा के बाद चेहल्लुम पर निकलने वाले ताजियों का कारवां शहर के मुख्य मार्ग से सोमवार की रात से अपनी छठा बिखेरता हुआ नजर आया, मंगलवार की देर शाम मैदान-ए-कर्बला के लिए रवाना होगा। हजरत इमाम हुसैन की शहादत में मनाया जाने वाला यौमे आशुरा के बाद चालीसवां पारंपरिक रुप से मनाया जाऐगा। या हुसैन-या हुसैन कहते हुए सोमवार की रात आकर्षक ताजियों का कारवां जामा मस्जिद रोड़ पर पहुंचा, जो मंगलवार की शाम को मैदान-ए-कर्बला के लिए रवाना होगा। इस दोरान कोई इमाम हुसैन की याद में रोता रहा, तो कोई छाती पीटता दिखाई दिया। सोमवार की रात्रि को कसाई मोहल्ला, चेतनपुरा, जबरन कालोनी, नई दिल्ली स्थित किरण टाकीज की गली, पाल्यारोड़, मारुति नगर आदि क्षेत्रों से ताजियों का एकत्रितकरण जामा मस्जिद रोड़ पर हुआ। इस दौरान ढोल की थाप पर कोई हैरतअंगेज करतब कर रहा था, तो कोई बैंड की धुनों पर हसन हुसैन के मरसिए सुनने में मशगुल था। सेमलिया के राज बैंड एवं श्री प्रभात बैंड ने मरसियों से समा बांधा हुआ है। जलसा मार्ग पर में जगह-जगह शबिल लगाकर शरबत वितरित किया। मंगलवार की शाम को चल समारोह चंबल मार्ग, पुरानी नगर पालिका होकर मैदान-ए-कर्बला पहुंचेगा, जहां बहते अश्क के साथ शहीद हुए हसन-हुसैन भाईयों को याद कर मुस्लिम समाजजनों द्वारा ताजियों पर पानी के छींटे डालकर ठंडा करने की रस्म अदा करेंगे। जिसके साथ मातम के त्यौहार चालीसवें का समापन होगा।

### पम्पराग‍त ताजियों पर एक नजर

बड़े साहब का ताजिया, कोटा फाटक से तांगावालों का परम्परागत ताजिया, वहीद भाई वेल्डिंग वाले नई दिल्ली, पंचायती ताजिया नई दिल्ली, पाल्यारोड़ का पंचायती ताजिया, जबरन कालोनी से मोईनुद्दीन शाह नेतृत्व में पम्परागत ताजिया, टावर के समीप पम्परागत ताजिया, बादीपुरा के दो पम्परागत ताजिए, चेतनपुरा, जूना नागदा रोड़ से पम्परागत ताजिया, चंबल मार्ग स्थित हुसैनी इमामबाड़ा सहित लगभग मन्नती ताजियों का कारवां शहर के मुख्य मार्गो से सोमवार की रात को निकला, मंगलवार को भी जलसा रहेगा।

## देश में हो रहे बलात्कार एवं हत्या के विरोध में निकाली रैली




**नागदा जं. निप्र।** उठो द्रोपती शस्त्र उठाओ, अब गोविंद ना आएंगे मेहंदी छोड़ो शस्त्र उठाओ खुद ही अपनी लाज बचाओ, मजबूर नहीं मजबूत बनो के नारे के साथ सर्व प्रयास सामाजिक संस्था द्वारा देश के विभिन्न प्रांतों में बच्चीयों एवं महिलाओं के साथ हो रहे बलात्कार एवं हत्याओं के विरोध में रैली निकाल कर अपराधीयों को सख्त से सख्त फांसी की सजा दिए जाने की मांग की गई। मातृशक्ति ने इस बात को पुरजार तरीके से उठाया कि बलात्कार एवं हत्या के दोषियों के खिलाफ सख्त कानून बनाएं जिससे कि दोषियों को जल्दी से जल्दी फांसी की सजा। इस अवसर पर संस्था अध्यक्ष द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं से अनुरोध किया गया कि वह स्वयं की रक्षा करना सीखें और कहा की बालिकाओं को शस्त्र शाला जैसे संस्थानों में जाकर शस्त्र प्रशिक्षण लेना चाहिए जिससे वह अपनी सुरक्षा खुद करने में सक्षम बने। रैली में बड़ी संख्या में महिलाओं एवं बहनों ने हिस्सा लिया।

## एगोशदीप विद्यालय में मनाया गया जन्माष्टमी का त्यौहार

**नागदा जं. निप्र।** मध्य प्रदेश शासन के आदेशानुसार दोपहर 12 से 2 बजे के मध्य में एगोशदीप विद्यालय में जन्माष्टमी का त्यौहार मनाया गया। जन्माष्टमी त्यौहार के उपलक्ष्य में आरती और व्याख्यानमाला का आयोजन हुआ। सर्वप्रथम भगवान श्री कृष्ण की पूजा कर आरती की गई, उसके पश्चात प्रसाद वितरण किया गया।

## शासकीय विद्यालय में जन्माष्टमी पर्व मनाया गया

**नागदा जं. निप्र।** शासकीय कन्या प्राथमिक एवं प्रावि. क्र. 1 में शासन के आदेशानुसार सोमवार को जन्माष्टमी पर्व मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रभारी प्रधानाध्यापिका श्रीमती अवंती कुशवाह, जन शिक्षक नरेंद्र सिंह रघुवंशी, तरुणा भाटी, अंशु मालिनी जॉनसन, सावित्री बोरासी, माया रानी विश्वकर्मा एवं विद्यालय के समस्त विद्यार्थी राधा-कृष्ण, सुदामां एवं गोपियों की वेशभूषा में सजकर आए। एवं विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई। अंधी मटकी फोड़ का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम उपरांत विद्यार्थियों को पुरस्कार भी दिए गए एवं सभी बच्चों को केले का वितरण किया गया।

# धार्मिक उत्साह के साथ दादाजी की नगरी खंडवा में मना जन्माष्टमी पर्व

**खंडवा।** शहर में प्रमुख मंदिरों के अलावा घर-घर में कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व परंपरागत ढंग और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सारा शहर कृष्णमय हो गया। शहर के मंदिर सोमवार को श्रीकृष्ण के भजनों से गूंज उठे।



शहर में मंदिरों को अलग-अलग थीम पर आकर्षक रूप से सजाया गया था। समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि इस दौरान घर-घर में नंदलाल के पालने सजाए गए। अधिकांश जगह आकर्षक झांकियां सजाई गई तो कहीं-कहीं छोटे रूप में मटकी फोड़कर उत्साह के साथ उत्सव मनाया गया। शहर के स्कूलों में भी पर्व को लेकर अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए। जन्माष्टमी पर्व पर सारा शहर नंदलाल की अगवानी के लिए आतुर दिखाई दिया। दिन भर शहर के लोग बंसीधर की भक्ति में लीन रहे। सुबह से ही मंदिरों में श्रद्धालु बालगोपाल को निहारने के लिए बड़ी संख्या में पहुंचे। नंदलाल का विशेष श्रृंगार किया गया। दिनभर भजन कीर्तन के बाद रात को मंदिरों में कृष्ण जन्मोत्सव मनाया गया। नंद घर आनंद भयो जय कन्हैयालाल की के जयकारे से शहर गूंज उठा। बालगोपाल को पालने में झूलाकर कृष्ण जन्म की खुशियां मनाई गई। बालकृष्ण के जन्मोत्सव पर पंजरी और माखन मिश्री का विशेष भोग लगाया गया।जन्माष्टमी के पावन अवसर पर खंडवा के श्रद्धालुओं का तांता अग्रवाल धर्मशाला गोपाल मंदिर, मुनिबाबा मंदिर बजरंग चौक, सत्यलक्ष्मीनारायण मंदिर बुधवारा, पार्वतीबाई धर्मशाला कृष्ण मंदिर, प्राचीन विठ्ठल मंदिर, बालाजी मंदिर घंटाघर, द्वारकाधीश हवेली मंदिर पर लगा रहा। समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि जन्माष्टमी पर्व पर सोमवार रात्रि 12 बजे मंदिर के पट खुलते ही भगवान के जन्मोत्सव पर मंत्रोच्चार के साथ महाआरती की गई एवं श्रद्धालुओं द्वारा मंदिरों में बने आकर्षक झूले में भगवान श्रीकृष्ण को झुलाया गया। सभी मंदिरों में माखन के साथ मिठाई, फल फ्रुट व पंजरी के प्रसाद का वितरण हुआ। अग्रवाल धर्मशाला में भजन मंडल द्वारा भजन संध्या का आयोजन भी किया गया वहीं सत्यलक्ष्मीनारायण मंदिर में रुद्राक्ष के साथ बाबा अमरनाथ की विशेष झांकी एवं मुनिबाबा मंदिर में फूलों की आकर्षक झांकी के साथ भगवान को आकर्षक पोशाक पहनाई गई थी जो श्रद्धालुओं का मनमोह रही थी।

# महिला डॉक्टरों और नर्सों ने मंत्री श्री विश्वास सारंग को बांधी राखी

## भारी बारिश के बीच नरेला रक्षाबंधन महोत्सव के तीसरे दिन 40 हजार 328 बहनों ने मंत्री श्री सारंग को बांधे रक्षासूत्र

**भोपाल, राष्ट्रीय जनभावना।** रविवार को नरेला रक्षाबंधन महोत्सव के तीसरे दिन सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग नरेला विधानसभा अंतर्गत वार्ड 36,70 व 79 में आयोजित कार्यक्रमों में सम्मिलित हुए। रक्षाबंधन महोत्सव में महिला डॉक्टरों और नर्सों ने मंत्री श्री सारंग को रक्षा सूत्र बांधे।





उन्होंने पश्चिम बंगाल, कोलकाता में आर जी मेडिकल कॉलेज में ट्रेनी डॉक्टर के रेप व हत्या के मामले में हस्ताक्षर कर ज्ञापन भी सौंपा। भारी बारिश में भी 40 हजार 328 बहनों ने भैया विश्वास को रक्षासूत्र बांधे।

### महिला डॉक्टरों और नर्सों ने बांधी राखी

नरेला विधानसभा अंतर्गत वार्ड 79 करोंद में आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिला डॉक्टर और नर्स मंत्री श्री सारंग को रक्षासूत्र बांधने पहुंची। यहां उन्होंने मंत्री श्री सारंग की कलाई पर राखी बांधने के साथ ही कोलकाता के आर जी मेडिकल कॉलेज में ट्रेनी डॉक्टर के रेप और हत्या के आरोपियों को फांसी की सजा दिए जाने के लिए ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया। इस अवसर पर मंत्री श्री सारंग ने कहा कि पश्चिम बंगाल की ममता सरकार महिला सुरक्षा में विफल रही है। बेटी के साथ किया गया जघन्य अपराध के बाद भी सरकार उसे इंसाफ दिलाने के स्थान पर दोषियों को संरक्षण दे रही है। उन्होंने कहा कि महिला अपराध के मामले में इस प्रकार के दोषियों को कठोरतम सजा देते हुए समाज में संदेश दिया जाना चाहिए।

### एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत किया वृक्षारोपण

मंत्री श्री सारंग ने नरेला विधानसभा अंतर्गत वार्ड 70 में आयोजित रक्षाबंधन महोत्सव में सम्मिलित होने के पूर्व वार्ड कार्यालय प्रांगण में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण करते हुए अभी से एक पौधा अपनी मां के नाम लगाने की अपील की। उन्होंने प्रकृति संरक्षण के इस अभियान में सभी को अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने की बात भी कही।

### भारी बारिश में भी दिखा बहनों का उत्साह

नरेला विधानसभा अंतर्गत वार्ड 36, 70 व 79 में भारी बारिश के बावजूद बहनों का उत्साह देखने को मिला। यहां बहनो ने बड़ी संख्या में मंत्री श्री सारंग को रक्षासूत्र बांधे। मंत्री श्री सारंग ने बहनों को उपहार स्वरूप बटुआ, आरती संग्रह और एक पौधा दिया।

### बहनों के लिए गाया गीत

यहां हज़ारों की संख्या में पहुंची बहनों के लिये मंत्री श्री सारंग ने 1 हज़ारों में मेरी बहना है गीत भी गाया। इस अवसर पर श्री सारंग के सरल व सहज स्वभाव को देखकर बहनें भावविभोर हो गई। कार्यकम में मथुरा के कलाकारों ने राधा कृष्ण नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति भी दी।

### पुष्पवर्षा के साथ हुआ भव्य स्वागत

नरेला रक्षाबंधन महोत्सव में पहुँचने पर क्षेत्रवासियों ने मंत्री श्री सारंग का भव्य स्वागत किया। यहां बहनों ने मंत्री श्री सारंग पर पुष्पवर्षा कर उनका स्नेहिल स्वागत किया। इस अवसर पर जमकर आतिशबाजी भी की गई। वार्ड 70 में आयोजित कार्यक्रम में स्वस्ति वाचन भी किया गया।

मंगलवार 27 अगस्त को नरेला विधानसभा अंतर्गत वार्ड 77 देवकी नगर में दोपहर 12 बजे, वार्ड 71 दशहरा मैदान में दोपहर 2 बजे एवं वार्ड 37 खुशीपुरा में शाम 4 बजे रक्षाबंधन उत्सव का आयोजन किया गया है।






### स्थापना दिवस मनाया गया

**राऊ ।** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल द्वारा सरदार पटेल प्रखंड रामेश्वरम जिला इंदौर विभाग में स्थापना दिवस समारोह सम्पन्न हुवा जिसमे मंचासीन इस कार्यक्रम के अध्यक्ष कैलाश कोटवाल मुख्य अतिथि स्वामी सच्चिदानंद परमहंस संत, दरयावसिंह चौहान, प्रखंड अध्यक्ष विनोद सिसोदिया , मुख्य वक्ता इंदौर विभाग के मंत्री यश बचानी ने बताया की विश्व हिंदू परिषद की स्थापना के 60 वर्ष पूर्ण हुवे है जिसमे षष्ठी पूर्ति वर्ष भारत के अलावा लगभग 50 देश में मनाया जा रहा है विश्व हिंदू परिषद हिंदू वो का सबसे बड़ा संगठन है जिसमे हिंदू वो पर ,लव जिहाद ,लेंड जिहाद व गौ वंश तस्करी रोकने के लिए कार्य किए जाते हैं, मठ मंदिर, संस्कारशाला, सेवा कार्य जैसे अनेकों प्रकल्प चलाए जाते हैं जिसमे हिंदू सशक्त सक्ति साली बने , बजरंगदल से हिंदूद्ध को जोड़ने पर बल दिया जा रहा यह कहकर कार्यक्रम के सम्मापन जय घोस लगाकर संपन्न हुआ । जिसमे उपस्थिति। सम वैचारिक संगठन ,समाजसेवी संगठन व प्रबुद्ध जन ,जनप्रतिनिधि बड़ी संख्या में हिंदू समाज इंदौर विभाग जिला, प्रखंड पद अधिकारी समस्त कार्यकर्ता रहे कार्यक्रम का मंच संचालन जिला संयोजक राम दांगी ने किया आभार प्रखंड सा मंत्री विकास जी श्रीवास्तव ने माना।

### चल समारोह निकाला

**राऊ संजय पाटीदार ।** महाकालेश्वर गोगा देव भक्त मंडल ( पंचायती निशान ) द्वारा भव्य चल समारोह निकाला तेजाजी चौक श्री राम प्याऊ पर नगर परिषद राऊ दरोगा बाबू गोसर व उस्ताद अजय चौहान मित्र मंडल द्वारा चल समारोह का भाव स्वागत किया गया । इस अवसर पर नगर के कई गणमान्य नागरिक उपस्थित थे । चल समारोह का यह दूसरा वर्ष था ।

## स्वर्गीय विष्णु प्रसाद शुक्ला (बड़े भैया) एक व्यक्ति ही नहीं संस्था थे

**इंदौर।** श्री परशुराम सेना द्वारा ब्राह्मण समाज के शिरोमणि स्वर्गीय विष्णु प्रसाद शुक्ला की द्वितीय पुण्यतिथि के अवसर पर एक परिचर्चा आयोजित की गई थी जिसमें राष्ट्रकवि सत्यनारायण सत्तन और राष्ट्रकवि राजीव शर्मा , वरिष्ठ पत्रकार नवनीत शुक्ला ने कहा कि समाज धर्म एवं राष्ट्र की सेवा के साथ ही अपने पास मदद की उम्मीद से आने वाले प्रत्येक व्यक्ति को हर संभव सहायता देना बड़े भैया के व्यवहार में शामिल था ,ब्राह्मण समाज की एकता के लिए उनके द्वारा किए गए प्रयास अद्वितीय हैं विशेष कर युवाओं को समाज सेवा से जोड़ना उनकी विशेष उपलब्धि रही है उक्त विचार श्रद्धेय पं विष्णु प्रसाद शुक्ला बड़े भैया की द्वितीय पुण्यतिथि के अवसर पर श्री परशुराम सेना द्वारा आयोजित कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा अपने उद्बोधन में व्यक्त किए गए। श्री परशुराम सेना द्वारा आयोजित इस आयोजन में ब्राह्मण समाज एवं बाबूजी के स्नेही जनों द्वारा उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर संजय शुक्ला(पुर्व विधायक), अनूप वाजपेई (अन्नु), जीतू त्रिपाठी(बाबा) , अनुपम तिवारी,सतेन्द्र शर्मा,भूरालाल व्यास, प्रकाश व्यास, राजेश शुक्ला,श्रीमती प्रमिला शर्मा, श्रीमती विमला जोशी,आदि द्वारा समाज की 11 विभूतियों को ÷पं विष्णु प्रसाद शुक्ला सम्मान÷ से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में अतिथि स्वागत परशुराम सेना के संस्थापक मंडल के पं.विनोद द्विवेदी , पं गौतम तिवारी, पं प्रकाश बाजपेई, पं बृजेश शुक्ला, पं पुष्पेंद्र शुक्ला ( पप्पी), पं प्रेम बागोरा एवं परशुराम सेना के महासचिव पं राजेश दुबे द्वारा किया गया। स्वागत भाषण में परशुराम सेना मध्य प्रदेश के अध्यक्ष पं.अनूप शुक्ला ने बाबूजी की प्रेरणाओं का स्मरण करते हुए उनके बताए मार्ग का अनुसरण करने की बात कही । सम्मान समारोह के अंतर्गत सर्वश्री सुरेश दुबे ÷जौहरी ÷, पं.पवन दास महाराज नवनिर्वाचित महामंडलेश्वर, श्रीमती कविता प्रदीप द्विवेदी, पं स्वयं प्रकाश शुक्ला, शैलेंद्र जोशी , सुरेंद्र तिवारी, धर्मेंद्र जोशी, एडव्होकेट पी के शुक्ला , शिवनारायण मिश्रा, दिलीप दुबे , नरेंद्र तिवारी , प्रियांशु पांडेय आदि का सम्मान प्रशस्ति पत्र भेटकर किया गया । कार्यक्रम में पंडित सीताराम व्यास ,एडवोकेट कोमल दीक्षित, लक्की अवस्थी, सुरेंद्र बाजपेई , गुड्डु दुबे, सुभाष चन्द्र दुबे, अशोक चतुर्वेदी, डॉक्टर सतीश दुबे,राजेश भंडारी,पं सुनिल दीक्षित, अनिल शर्मा,प्रमोद जोशी,पं दिलीप त्रिवेदी, सहित अनेक गणमान्य समाज जन उपस्थित थे । इस अवसर पर कान्यकुब्ज समाज के नवनिर्वाचित प्रधानमंत्री पं अनूप बाजपेयी अन्नु और गुर्जर गौड़ ब्राह्मण समाज के नव निर्वाचित अध्यक्ष वीरेंद्र व्यास का स्वागत भी अतिथियों द्वारा किया गया ,साथ ही पं आयुष बाजपेयी को श्री परशुराम युवा सेना के महासचिव पद का दायित्व भी सोपा गया। कार्यक्रम का संचालन परशुराम सेना के प्रदेश प्रवक्ता पं.दीपक शुक्ला द्वारा किया गया एवं आभार प्रदर्शन अध्यक्ष पं.दीपक शर्मा द्वारा किया गया।





## हिनौती गौधाम में 15 हजार से अधिक गौवंशों को मिलेगा आश्रय : उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल

**भोपाल , राष्ट्रीय जनभावना।**

उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने राजनिवास सर्किट हाउस रीवा में हिनौती गौधाम वन्य विहार अभयारण्य निर्माण की समीक्षा की। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि हिनौती गौधाम को आदर्श गौ- अभयारण्य के रूप में विकसित किया जाएगा। इसमें 15 हजार से अधिक गौवंश को आश्रय मिलेगा। उन्होंने विभिन्न निर्माण कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिये। श्री शुक्ल ने निर्देशित किया कि गौधाम में सड़क और शेड निर्माण का कार्य तत्काल शुरू करें जिससे प्रारंभिक स्तर में कम से कम तीन हजार गौवंश को रखने की व्यवस्था हो सकें।

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि हिनौती गौधाम, गौवंश के लिए आदर्श वन्य विहार साबित होगा। गौधाम की कार्य योजना में कौशल प्रशिक्षण, नवकरणीय ऊर्जा, जल संरक्षण तथा स्वरोजगार के कार्य शामिल हैं। इसमें मंदिर, संत निवास और रेस्ट हाउस का भी निर्माण किया जाएगा। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि गौधाम वन्य विहार की प्रस्तावित कार्ययोजना के अनुसार कार्य शुरू किए जा रहे हैं। इसमें गोबर गैस संयंत्र के साथ-साथ धान के पैरे से ऊर्जा उत्पादन का संयंत्र लगाया जाएगा। नगर निगम के अध्यक्ष श्री व्यंकटेश पाण्डेय सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### मनकामेश्वर शिव मंदिर का जन सहयोग से होगा जीर्णोद्धार

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि रीवा शहर के हृदय स्थल में व्यंकट भवन के समीप प्राचीन मनकामेश्वर शिव मंदिर स्थित है। इसमें प्रतिदिन हजारों भक्त दर्शन के लिए पहुँचते हैं। मंदिर के जीर्णोद्धार के लिए व्यापारी समुदाय की ओर से बढ़-चढ़ कर सहयोग दिया जा रहा है। इसके निर्माण के लिए समिति बनाकर सहयोग राशि संचित करें। मंदिर के जीर्णोद्धार की पूरी कार्य योजना तैयार कर लें। मंदिर के गर्भगृह और प्रतिमाओं को मूल स्थान पर रखते हुए जीर्णोद्धार तथा मंदिर विस्तार का कार्य कराएं। जीर्णोद्धार के बाद इस मंदिर में भक्तों के लिए कई सुविधाओं का विकास होगा। बैठक में जीर्णोद्धार के संबंध में जनप्रतिनिधियों तथा व्यापारी समुदाय की ओर से कई सुझाव दिए गए।

### शहर को विकसित करने के लिए अधोसंरचना का विकास आवश्यक

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि रीवा तेजी से विकास कर रहा है। शहर को विकसित करने के लिए अधोसंरचना का विकास आवश्यक है। पुनर्घनत्वीकरण योजना के माध्यम से शहर में कई महत्वपूर्ण निर्माण कार्य किए गए हैं। इसकी प्रस्तावित नवीन योजना को मंजूरी मिलने पर ग्राम बैसा में नए जेल परिसर और ट्रांसपोर्ट नगर में अंतर्राज्यीय बस स्टैण्ड का निर्माण होगा। शासन द्वारा स्वीकृति प्राप्त होते ही प्रस्तावित निर्माण कार्य तत्परता से शुरू करें। प्रस्तावित नए जेल परिसर में दो हजार बंदियों को रखने के लिए आधुनिक भवन बनाया जाएगा। इसके लिए 54 एकड़ भूमि चिन्हित की गई है। नई बैरक के साथ-साथ आवासीय भवन तथा अन्य निर्माण कार्य भी होंगे। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि ट्रांसपोर्ट नगर में अंतर्राज्यीय बस स्टैण्ड का निर्माण प्रस्तावित किया गया है। इसके बनने से शहर के अंदर बसों का प्रवेश कम होगा। नए बस स्टैण्ड में दुकानें, रैन बसेरा तथा अन्य सुविधाएं होंगी। बसों के खड़ा करने के लिए यार्ड की भी व्यवस्था करें। प्रस्तावित बस स्टैण्ड में प्रवेश के लिए डिवाइडर सहित पर्याप्त चौड़ी रोड का निर्माण कराएं। बैठक में पुनर्घनत्वीकरण योजना के तहत शहर के अन्य स्थानों में प्रस्तावित निर्माण कार्यों के संबंध में भी चर्चा की गई।

प्रकाशक, मुद्रक, स्वत्वाधारी एवं प्रधान संपादक सुनील वर्मा के लिए डीबी कार्प प्रॉ.लि. प्रेस, 44-46/ए, सेक्टर - एफ , इंडस्ट्रीयल एरिया, सांवेर रोड, इन्दौर से मुद्रित तथा 1/4, परदेशीपुरा, इन्दौर (म.प्र.) सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा। * मो.: 9425491979, E-mail: janbhavana.ind@gmail.com